# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की रैली की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
14 जून को ढालपुर के रथ मैदान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की रैली की तैयारियों को लेकर
भाजपा के सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों के प्रमुखों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस कार्यक्रम के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री गोबिंद ठाकुर ने बताया कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शानदार 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पार्टी ने देश भर में 30 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।इसके अन्तर्गत हर विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ तक कार्यकर्ता केन्द्र सरकार



द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों तथा पार्टी की नीतियों के बारे में कार्यकताओं को जागरूक करके बूथ सशक्तिकरण अभियान को मजबूती प्रदान करेंगे।इसी कड़ी में पार्टी ने निर्णय लिया है कि देश के हर संसदीय क्षेत्र पर एक बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा।इसी कड़ी में कुल्लू के रथ मैदान में मंडी संसदीय क्षेत्र की एक बड़ी रैली का आयोजन 14 जून को किया जा रहा है जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का मार्गदर्शन कार्यकताओं को मिलेगा। पूर्व मंत्री ने बताया कि इसी रैली की तैयारियों को लेकर आज जिला भाजपा के सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों तथा जिला के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा व समीक्षा की गई।
तैयारियों की दृष्टि से 10 समितियों का गठन किया गया है। सभी प्रमुखों से आग्रह किया गया कि रैली को सफल बनाने की दृष्टि से अपने अपने दायित्व को ले कर जुट जाएं। उन्होंने बताया कि इस रैली की तैयारियों का जायजा लेने के लिए 11 जून को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री कुल्लू आ रहे हैं।
, बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष भीमसेन शर्मा, कुल्लू जिला के प्रभारी बिहारी लाल शर्मा, बंजार के विधायक सुरेन्द्र शौरी, सहित आदि उपस्थित रहे।

# युवा पीढ़ी को नशे से बचाना चुनौती :मनीष

**युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिए पुलिस भी जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
बाल स्कूल मंडी में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता शुरू हो गई है।प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में सिटी चौकी इंचार्ज मनीष ने शिरकत की।उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस ओलंपियाड में प्रदेश के 7 जिलों के 56 बच्चे भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि मनीष ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए नशे से दूर रहने की अपील की है ने कहा कि इस राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता में बच्चे योग के साथ तनाव मुक्त होंगे।



उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता समय. समय में पर आयोजित होनी चाहिए ताकि बच्चों को तनाव से मुक्त किया जाए। जिस तरह से आज युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फं सती जा रही हैं उसको लेकर इस तरह की प्रतियोगिता कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिए पुलिस विभाग भी कई तरह के जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं। स्कूल मंडी की प्रधानाचार्य जय श्री कपूर ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 7 जिले भाग ले रहे हैं एजबकि 5 जिलों ने किसी कारणवश इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया। उन्होंने कहा कि 3 दिनों तक बच्चों को योग भी विभिन्न अभ्यास करवाए जाएंगे।साथ ही किस तरह से योग शरीर के लिए फायदेमंद हैं उसके बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

## नंगल कलां स्कूल में करवाया योग

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
आयुष विभाग द्वारा वीरवार को रावमापा बाल नंगल कलां व बाल भारती विद्यालय बाथू में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा. निशा वर्मा ने बच्चों को योग आसनों व प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया।
अलग-अलग सत्र में आयोजित शिविर के दौरान बच्चों ने ध्यान, ताड़ासन, बृजासन, वृक्षासन, अर्धचंद्रासन, मकरासन, उष्ट्रासन, प्राणायाम, पवन मुक्तासन, भ्रामरी प्राणायाम व शवासन आदि विभिन्न आसन करवाए गए। इस शिविर में 180 बच्चों व शिक्षकों ने भाग लिया।

# निजी बस ऑपरेट्रों को लाभ पहुंचाने सरकार ने चंडीगढ़ बस कर दी बंद

**सोलन डिपो की बस जो चनाहल्ग से चंडीगढ़ चलती थी उसको बंद करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
सीपीआईएम पच्छाद कमेटी के सचिव आशीष कुमार ने जारी एक प्रेस ब्यान मे कहा कि हिमाचल प्रदेश के निमार्ता यशवंत सिंह परमार के जन्मस्थली से सोलन डिपो की बस जो चनाहल्ग से चंडीगढ़ चलती थी उसको बंद करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आशीष कुमार ने बताया कि न केवल ये बस क्षेत्र से इकलौती बस थी बल्कि क्षेत्र की दर्जनों



पंचायत और चंडीगढ़ मे इलाज करवा रहे मरीजों के लिए सौगात थी। आशीष कुमार ने कहा कि कोई भी राजनीतिक पार्टी यशवंत सिंह परमार के नाम पर हर चुनाव मे वोट तो मांग लेती है और चुनाव के बाद परमार के ही गृह क्षेत्र को मिलने वाली सुविधाओं को छीन रही है।आशीष कुमार ने बताया कि इससे पूर्व भी एक बस बागथन से परवाणू को चलती थी वे बस भी कई वर्षों से बंद रही परन्तु इस बस के विकल्प के तौर पर चनाहल्ग से चंडीगढ़ बस चलाई गई परन्तु मौजूदा समय मे सरकार ने इस बस को भी बंद कर दिया है जोकि क्षेत्र के लोगों के लिए निराशा का विषय है। आशीष कुमार ने कहा कि सरकार ने निजी बस मालिकों को फायदा दिलाने के लिए इस बस को बंद किया है।
आशीष कुमार ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर ये रुट बहाल नहीं किया गया तो क्षेत्र के लोगों को लाम बन्ध कर रुट की बहाली के लिए आंदोलन चलाना पड़ेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को बखूबी से निभाउगा: बलदेव ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
हिमाचल सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसको वह बखूबी से निभाएंगे। शिमला से बल्ह घाटी के नेरचक में पहुंचे हिमाचल परिवहन प्राधिकरण के सदस्य बलदेव ठाकुर ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम को घाटे से उबारने व भविष्य में जनहित में योजनाएं बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सूक्खु ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसके तहत काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही जनहित में फैसले लिए हैं तथा कांग्रेस पार्टी ने चुनावों के दौरान जो अपने वादे किए हैं उन्हें भी बखूबी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने अल्प कार्यकाल में मुख्यमंत्री सुखविंदर सूक्खु सरकार ने जो फैसले लिए हैं उससे आम जनमानस ने राहत की सांस ली है। इससे पूर्व भाजपा सरकार ने जनविरोधी फैसले लेकर लोगों का गला घोट कर रख दिया था। इससे पहले कांग्रेस सचिव बलदेव ठाकुर को हिमाचल प्रदेश परिवहन अधिकरण के सदस्य बनाने पर बल्ह घाटी के कांग्रेसियों में भारी जोश दिखा। वीरवार को नेरचौक बाजार में उनके स्वागत के लिए कार्यकताओं का हुजूम लग गया। इस अवसर पर अनिल सकलानी प्रधान गग्गल पंचायत, पंकज शर्मा प्रधान सकरोहा पंचायत, अनिल कौंडल प्रदेश सचिव इंटक, ललित प्रधान पैड़ी पंचायत, सहित आदि मौजूद रहे।
एसमएल-06

### मेले और त्यौहार हमारी आस्था और विश्वास के प्रतीक: कुलदीप सिंह पठानिया



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
मेले और उत्सवों के आयोजन से हमारी संस्कृति को संजोने और सहेजने को बल मिलता है, साथ ही साथ नई पीढ़ी को
हमारी समृद्ध संस्कृति एवं परम्पराओं का भी ज्ञान होता है। यह बात भटियात विधानसभा क्षेत्र के समोट में आयोजित छिंज मेले मे बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि मेलों में खेल प्रतियोगिताओं एवं कुश्तियों के आयोजन से लोगों के मनोरंजन के साथ-साथ ग्रामीण प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने एवं उभारने के लिए मंच भी मिलता है। उन्होंने कहा मेले और त्यौहार हमारी आस्था और विश्वास के प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मेले और त्योहार हमें अपने पूर्वजों से विरासत में मिले हैं जिनका आयोजन पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी इन मूल्यवान विरासतों को संजोए रखना जरूरी है।उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश हमेशा अपनी विशेष संस्कृति, एवं लोक कलाओं के लिए प्रसिद्ध रहा है। प्रदेश को देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। राज्य की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परम्पराएं अत्यंत समृद्ध हैं। इस दौरान उन्होंने समोट छिंज मैदान के निर्माण कार्य के लिए 5 लाख और छिंज कमेटी को 25 हजार रुपए देने की भी घोषणा की।

# सिरमौर में अल्पसंख्यक समुदाय में 36 करोड़ की राशि वितरितः मनेश यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
अतिरिक्त उपायुक्त सिरमौर मनेश यादव ने नाहन में अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याणार्थ प्रधानमंत्री नया 15-सूत्रीय कार्यक्रम की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि जिला सिरमौर में अब तक अल्पसंख्यक समुदाय के 1413 लाभार्थियों को 35.78 करोड़ रुपये की राशि सरल ऋण के रूप में प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि गत वित्त वर्ष के दौरान 60 लाभार्थियों को 2.60 करोड़ रुपये की राशि स्वरोजगार के कार्यों के लिये प्रदान की गई थी। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिला में अल्पसंख्यक वर्ग की कुल आबादी वर्ष 2011 की जन गणना के अनुसार लगभग 53023 है और इनके सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिये सरकार ने अनेक योजनाएं कार्यान्वित की हैं। स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजनाए स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजनाए सम्पूर्ण रोजगार योजना के तहत पात्र अल्पसंख्यक समुदायों के व्यक्तियों के लिये भौतिक एवं आर्थिक लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि 15 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत सभी 15 सूत्रों के अनुरूप चल रही योजनाओं को सही प्रकार से अल्प संख्यक समुदाय तक पहुंचाया जाये ताकि पात्र लोगों को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिला में मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान को सुदृढ़ बनाया जाएगा तथा इसकी गतिविधियों का सरकारी अनुदान से विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा मदरसा शिक्षा का आधुनिकीकरण किया जाएगा तथा इनमें सभी प्रकार के विषयों को पढ़ाया जाना चाहिए ताकि बच्चे का सर्वांगीण विकास हो और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगारोन्मुखी बन सके।
जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त मनेश कुमार यादव ने कहा कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गत तीन सालों में जिला में 57 मामले दर्ज हुए जिनमें 39 मामले न्यायालय में लंबित हैं। उन्हें अवगत करवाया गया कि 68 पीड़ितों को 74.50 लाख रुपये की राहत राशि प्रदान की गई है।

## नंगल कलां स्कूल में करवाई गई मॉक ड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नंगल कलां में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए वीरवार को मॉक ड्रिल कारवाई गई। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर स्कूल के सभी छात्र- छात्राओं आपदा को लेकर जागरूक किया गया। इस मौके पर मोनिका जैन, अरुण पाठक, संदीप राणा, अनवर खान, रजनी शर्मा, साधना, सतवंत कौर, सुनील कुमार, गुरदीप सिंह, राज कुमार, आशा, मनोज देवी, शिवानी, अभिलाषा, सीमा, रीतिका, पूजा समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# हमीरपुर की जुड़वा बेटियों ने शिमला में दिखाया हुनर

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
जिला हमीरपुर के साथ लगते भोटा से दो जुड़वा बेटियों ने शिमला में एक कंपटी कंपटीशन के दौरान अपनी प्रतिभा का जलवा बघेरा और उसमें जीत कर हमीरपुर का नाम रोशन किया। ये स्टेट लेवल डांस रियलिटी शो बॉस का दूसरा सीजन था उसके निर्देशक राघव चेतन हैं। इसमें 50 से ज्यादा प्रतिभाओं ने हिसा लिया जिस्मे डुएट डांस में हिमानी तनिशा ने अपने डांस से सबका दिल जीता और बिजय रहीं हिमानी तनिशा एक निजी स्कूल में 4वीं कक्षा में पढती हैं। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता और अपनी डांस टीचर



आकृति को दिया है। हिमानी तनीषा ने अपने हुनर से प्रदेश का नाम रोशन किया है। बेटियों ने कहा कि हम आगे भी ऐसे कंपटीशन में हिस्सा लेती रहेगी और जीतकर अपने गांव अपने शहर, अपने प्रदेश ओर देश का नाम रोशन करती रहेंगी। उनके माता-पिता ने खुशी जते हुए बताए कि हमें अपनी बेटियों पर गर्व है।

# कुल्लू मनाली में ग्लेशियर फटने से पौंग बांध का बढ़ा जलस्तर

**टीम एक्शन इंडिया/फ तेहपुर/विजय समयाल**
कुल्लू मनाली मे गलेशियर फटने से पौंग बांध का जल स्तर बढने से खटियाड़ पंचायत के तीन गांब पौंग बांध की चपेट मे आ गये है जिससे क्षेत्र में हाहा कार मच गया है। पौंग बांध जल क्रीड़ा के प्रांगण में रेस्क्यू के लिए टेंट की ब्याबस्था की जिसमे सभी विभागों की ओर से बचाव कार्य के लिए पंहुचे। जैसे हो क्षेत्र में आपदा की खबर पहुची आपदा मित्र मोके पर राहत कार्यो में जुट गए। सायरन बाली गाडि?ां ए विभागों की गाडि?ां व स्वाथ्य बिभाग की एबुलेंस भी मौके पर पहुँचे।जिला के साथ-साथ फ तेहपुर प्रशासन व एनडीआरएफ टीम (नूरपुर)



के सौजन्य से आज बीरवार को पौंग डैम पर मॉक ड्रिल हुई। संबंधित टीम द्वारा बाढ़ से बचाव बारे जिन उपकरणों व अन्य सामनों का प्रयोग किया गया, उसको भी यहां प्रदर्शित किया गया। पौंग बांध के मॉक ड्रिल की विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। एसडीएम फ तेहपुर भारती ने ड्रिल का अवलोकन किया। एसडीएम ने बताया कि जब भी कोई आपदा या बाढ़ जैसी कोई स्थिति उत्पन्न होती है। उस समय एनडीआरएफ की टीम और जिला व स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर कार्य किया जाता है। मॉकड्रिल में अग्निशमन विभाग, जल शक्त विभाग फ तेहपुर, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, रेडक्रास, वीडब्ल्यू डी विभाग, एसवाईएल के साथ-साथ अन्य विभागों के जो भी कार्य हैं, उसे भी यहां पर दिखाने का काम किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से अठाईस लोगों को बचाने का प्रदर्शन किया माकड्रिल के दौरान अनाउंसमेंट कर बताया गया कि पौंग बांध का जलस्तर बढ? के कारण पानी के तेज बहाव से खटियाड़ पंचायत के पौंग बांध के साथ लगते अठाईस लोगो और उनके तीन मवेशी बह गए हैं। जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गयी है।

# बड़े स्तर पर फैक्ट्री से शराब की तस्करी का भंड़ा फूटा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
हिमाचल प्रदेश के जिला मुख्यालय नाहन के समीप ट्रक दुर्घटना के बाद से शराब की खेप बरामदगी मामले में राज्यकर एवं आबकारी विभाग को अहम सुराग हाथ लगे हैं। राज्यकर एवं आबकारी विभाग ने फैक्टरी में लंबी पड़ताल के बाद पाया कि एक ट्रक में 700 पेटियां शराब जिला चंबा के लिए भेजी थी। विभाग के उप आयुक्त हिमांशु पंवार की अगुवाई में टीम ने बीते मंगलवार देर रात तक दबिश देकर शराब फैक्टरी का रिकॉर्ड खंगाला। इस दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज, शराब के स्टॉक और अन्य



दस्तावेजों की जांच की। पाया कि सोमवार रात को शराब लोड होने के बाद ट्रक फैक्टरी से बाहर निकला। यही देसी शराब अन्य ट्रकों से भी बरामद की गई। इस मामले में जांच की जा रही है कि फैक्टरी से शराब का ट्रक निकलने के बाद किसके इशारे पर इसे दूसरे ट्रक में लोड किया गया। कहां इस शराब को ले जाना था। जबकिए परमिट चंबा के डल इंटरप्राइजेज का कटा था। बुधवार शाम तक इस परमिट की समयावधि खत्म हो गई लेकिन शराब नहीं पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिरमौर के राज्यकर विभाग व पुलिस ने दूसरे जिलों में भी अपने-अपने विभागों के अधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद मंगलवार शाम एक अलग नंबर के ट्रक से इसी फैक्टरी की शराब जिला शिमला के कोटखाई में मिली, जिसमें 180 पेटियां शराब लदी पाई गईं। जबकि, जिस ट्रक नंबर में शराब लोड हुई थी वह ट्रक कोटखाई के समीप खाली मिला। बता दें कि नाहन के समीप हादसे का शिकार हुए ट्रक में 170 से ज्यादा पेटियां बरामद की गईं थीं। इसके बावजूद भी 700 पेटियां पूरी नहीं हो रही है। इसको लेकर फैक्ट्री की भूमिका भी संदेह के दायरे में नजर आती है। वहीं आशंका है कि अन्य ट्रकों में भी इसे लोड किया गया है। इसमें किसकी मिलीभगत है, जांच के बाद ही मामले का पटाक्षेप होगा। राज्यकर एवं आबकारी विभाग सिरमौर के उप आयुक्त हिमांशु पंवार ने बताया कि फैक्टरी से शराब परमिट और टैक्स सहित पूरे दस्तावेज के साथ ट्रक में 700 पेटियां चंबा के लिए भेजी गईं थीं।
यानी विभाग की भूमिका इसमें कहीं भी संदेह के दायरे में नहीं है। शराब को दूसरे ट्रकों में पलटी किए जाने की जांच की जा रही है। सवाल यह भी उठता है कि जब जीपीएस हटा दिया गया तो फैक्ट्री प्रबंधन ने इस पर संज्ञान क्यों नहीं लिया।

# सड़क से नीचे पलटकर पेड़ में अटका टिप्पर

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के उपमंडल शिलाई के कांडों गांव के समीप एक टिप्पर के दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है। हादसे में टिप्पर में सवार तीन लोगों को हल्की चोटें आई हैं। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को उपचार के लिए शिलाई अस्पताल पहुंचाया गया है।
जानकारी के मुताबिक, सुबह चलते टिप्पर का स्टेयरिंग अचानक लॉक हो गया। जिस कारण टिप्पर अनियंत्रित होकर सडक से नीचे जा लुढका और एक पेड़ में अटक गया। हादसे में टिप्पर में सवार तीन लोगों को



हल्की चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों द्वारा तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। हालाँकि गनीमत यह रही कि हादसे में किसी तरह का कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ है। अगर टिप्पर पेड़ में नहीं अटकता तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

# भगवान शिव पर अभद्र टिप्पणी मामले में बढ़ रहा हिन्दू संगठनों का गुस्सा, फूंका डॉक्टर का पूतला

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
जिला ऊना के मैहतपुर स्थित एक निजी नेत्र अस्पताल के संचालक डाक्टर नदीम अख्तर द्वारा भगवान शिव के खिलाफ की गई अभद्र और अश्लील टिप्पणी के मामले को लेकर हिंदू समाज का गुस्सा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। वीरवार को विभिन्न हिंदू संगठनों ने ऊना जिला मुख्यालय पर रोष रैली निकाल डाक्टर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हिन्दू संगठनों ने आईएसबीटी से लेकर एसपी कार्यालय तक रोष रैली निकाली। रोष रैली के दौरान हिन्दू संगठनों के कार्यकताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान मिनी सचिवालय चौंक पर डाक्टर का पुतला भी फूंका। इसके उपरांत एसपी ऊना अर्जित सेन ठाकुर को ज्ञापन सौंप डाक्टर की जल्द गिरफ्तारी के साथ-साथ ही धारा 153 जोड़ने की भी मांग उठाई है। वहीं हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों ने अभद्र टिप्पणी करने वाले डाक्टर से



सार्वजनिक रूप से शिव मंदिर में माफी मांगने की भी मांग की। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे युवाओं में चंदन शर्मा ने डॉक्टर के इस टिप्पणी को बेहूदा करार देते हुए कहा कि डॉ नदीम अख्तर को किसने धार्मिक भावनाओं को भडकाने का अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अगर उसे जल्द गिरफ्तार नहीं किया जाता और मंदिर में जाकर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगता, तब तक हिंदू संगठन चुप बैठने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी तो ऊना में प्रदर्शन हो रहा है, अगर जल्द ही पुलिस प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया, तो पूरे प्रदेशभर में प्रदर्शन होगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से डॉक्टर के खिलाफ धारा 153 को जोड? की भी मांग उठाई है। इस अवसर पर गोल्डी कौंडल, प्रिंस ठाकुर, विनय सहोड़, राहुल, अमन ठाकुर, अतुल चब्बा, कपिल ठाकुर, गौरव ठाकुर, रोहित शर्मा, राजेश, सुमित कुमार, साहिल ठाकुर, चांद ठाकुर, नितिश राणा, शोभित गौतम, नितिश, आशु कनव, आकाश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहै।

**समर्थन देने वालों के विरूद्ध भी खोला जाएगा मोर्चा**

उधर, जिला बहमण कल्याण सभा के अध्यक्ष चंदन शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले डॉक्टर के समर्थन में इक्का-दुक्का लोग उठ रहे हैं। इनमें ऊना की एक महिला भी शामिल है।

उन्होंने साफ चेताया कि अगर जो भी हिंदू धर्म का अपमान करने वाले का समर्थन या हमदर्द बनेगा, तो उसके खिलाफ भी मोर्चा खोला जाएगा।

एएसपी ऊना करेंगे मामले की जांच

एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि डाक्टर द्वारा भगवान शिव पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत मैहतपुर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है जिसकी जांच मैहतपुर थाना के एसएचओ द्वारा जांच की जा रही है। एसपी ऊना ने कहा कि अब इस मामले की जांच एएसपी ऊना को सौंप दी गई है और जल्द ही मामले में जांच पूरी कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मनाली में पुलिस ने किया रशियन महिला का रेस्क्यू

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**
डीएसपी मनाली के डी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को मनाली थाना में समय करीब साढ़े आठ बजे शाम को सूचना मिली कि एक रशियन महिला वारा लिट्विनोव अपने विदेशी दोस्त लुरी लारोवोई के साथ ओल्ड मनाली से बिना लोकल गाईड़ के खोह वाटरफाल के लिये रवाना हुई थी लेकिन विदेशी महिला पैर फिसलने की वजह से 50 मीटर गहरी ढांक में गिर गई है जिस के कारण उसे बहुत गम्भीर चोटें आई है और उसे सहायता की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही पुलिस थाना मनाली से एएसआई प्रकाश चंद, पीएसआई इशान्त सेन, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार,आरक्षी गोविंद, महिला आरक्षी रुवीना तथा स्थानीय बचाब दल एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स और एसोसिएशन



कुल्लू मनाली जिसका नेतृत्व जोगी कर रहे थे और यह रेस्क्यू दल विदेशी महिला का रैस्क्यू करने के लिए रवाना हुए। ओल्ड मनाली से लगभग 2-दो-तीन घण्टे का पैदल ट्रैक करने के बाद पुलिस टीम व स्थानीय बचाव दल मौका पर पहुंची, जहां से विदेशी महिला वारा लिट्विनोव को स्टेचर की मदद से मिशल अस्पताल मनाली लाया गया है।

विदेशी महिला की स्थिति गम्भीर है, जिसका ईलाज मिशन अस्पताल में चल रहा है।

# ग्राम पंचायत हाट में जागरूकता शिविर आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला रैडक्रास कुल्लू के अंतर्गत भुन्तर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा ग्राम पंचायत हाट में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नशा निवारण के बारे में स्थानीय युवक-युवतियों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। मनोवैज्ञानिक दिव्या भारद्वाज ने कहा कि नशा एक बिमारी है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है।नशे के गिरफ्त में आये युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योगा, खेल एवं

**भून्तर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार वाहय रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है**

विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिला व पुरुषों को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है। परियोजना समन्वयक अनिता ठाकुर ने कहा कि भून्तर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार वाहय रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। वाहय रोगीयों को निःशुल्क दवाईयां दी जाती है तथा मनोविज्ञानिक/काउंसलर द्वारा रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। गम्भीर लक्षणों वाले रोगियों को उनकी सहमति से केन्द्र में भर्ती किया जाता है। आमतौर पर ऐसे रोगियों को 21 दिनों से 30 दिनों तक केन्द्र में ईलाज किया जाता है तथा उपचाराधिन रोगियों को डॉक्टर तथा स्टाफ नर्सों की निगरानी में उनके बीपीए तापमान तथा अन्य लैब टैस्ट करवाए जाते है। किसी भी आपात स्थिति में उचित अस्पताल में रैफर करने की व्यवस्था की गइ है। ईलाज के दौरान मनोचिकित्सक काउंसलर द्वारा व्यक्तिगत परामर्श तथा पारिवार के सदस्यों की परामर्श सुविधाएं दी जा रही हैं। उपचार अवधि के दौरान सुबह के समय शारीरिक व्यायाम, ध्यान और योगा प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा करवाएं जाते है। दिन के समय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में उन्हे व्यस्त रखा जाता है। रोगियों को केन्द्र में ईलाज के दौरान साफ बिस्तर, नाश्ता, चाय, दोपहर का भोजन, रात का खाना मुफ्त दिया जाता है। कार्यक्रम में प्रधान बरकत अली ने सभी का धन्यवाद किया‌ए कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के प्रधान व सदस्य उपस्थित रहे।

# दहेज उत्पीड़न पर पति समेत चार पर मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
महिला थाना ऊना के तहत हरोली के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ईशा चौहान निवासी बिलासपुर हाल निवासी नगनोली, हरोली ने बताया कि वर्ष 2018 में मेरी शादी बिलासपुर के अखिल के साथ हुई थी। शादी के बाद से पति सहित सास-ससुर व ननंद दहेज को प्रताड़ित करने लगे। इतना ही नहीं मानसिकत व शारीरिक तौर पर भी परेशान करने लगे।

# सड़क नेटवर्क का विस्तार सरकार की प्राथमिकता: विक्रमादित्य

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में सडक नेटवर्क को विस्तार देने के लिए प्रदेश सरकार आवश्यक कदम उठा रही है। प्रदेश के दुर्गम व दूरदराज के क्षेत्रों में विशेष प्राथमिकता रखी जा रही है। वह डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तहत भलेई में आयोजित जन सभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। हिमाचल प्रदेश में सवार्गीण विकास को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की बात करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि युवाओं को नशे के दलदल से दूर रखने के लिए खेल अधोसंरचना को विकसित



किया जाएगा। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि आगामी तीन-चार माह के दौरान प्रदेश स्तर पर ग्रामीण ओलंपियाड का आयोजन होगा।

इसमें सभी परंपरागत खेल स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा।

विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 41 हजार किलोमीटर के उपलब्ध सडक नेटवर्क को और बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार आवश्यक कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, नाबार्ड, बैकवर्ड एरिया सब प्लान, राज्य योजना इत्यादि के तहत सडक नेटवर्क को गति प्रदान की जा रही है। दुर्गम व दूरदराज के क्षेत्रों के लिए स्पेशल फ ोकस रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तृतीय चरण के तहत विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के लिए 50 करोड रुपए की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

# रोपा गांव में चलाया गया पौधारोपण अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन्य जिला युवा अधिकारी दीप माला के दिशा-निर्देश से मिशन लाइफ के तहत रोपा गांव में पौधारोपण अभियान चलाया गया। राज्य स्तरीय उत्कृष्ट युवा मंडल पुरस्कार विजेता सहारा युवा मंडल रोपा के युवाओं ने इस अभियान में सहयोग किया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शशि पाल की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया।


सहारा युवा मण्डल रोपा के युवाओं ने औषधीय गुणों वाले पौधे खैर के 81 पौधे लगाए। सहारा युवा मंडल रोपा के सभी



सदस्यों ने इस अभियान में बढ़-चढकर भाग लिया। युवा स्वयंसेवक एवं सहारा युवा मण्डल के प्रधान शशि पाल ने बताया कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए गए मिशन लाइफ , लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट के तहत युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है अपने जीवन यापन में पर्यावरण हित में कुछ ना कुछ बदलाव लाने के लिए ताकि इन छोटे-छोटे बदलावों से हमारे पर्यावरण को लाभ हो सके और थोड़ा-थोड़ा अपने जीवन यापन में बदलाव कर देश की जनता पर्यावरण संरक्षण की ओर अपना सहयोग कर सके।

# केंद्र सरकार ने किसानों के हित में एमएसपी बढ़ाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया: बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल ने कहा कि नरेन्द्र भाई मोदी की सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे। कांग्रेस की सरकारें केन्द्र में बनती रही, गरीबी हटाओ का नारा लगाती रही, फरेब करती रही, गरीब और गरीब होता चला गया और कांग्रेस सत्ता प्राप्त करती रही।भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 2014 के बाद गरीब को उसका सही हक दिया नरेन्द्र भाई मोदी सरकार ने दिया। 9 वर्षों में 3.50 करोड़ गरीबों को पक्का मकान देना, 12 करोड़ गरीबों के घरों में नल से जल पहुंचाना, 80 करोड़ गरीबों को ढाई साल तक लगातार मुफ्त राशन उपलब्ध करवाना, 11 करोड़ किसानों को 6000 रू प्रतिवर्ष किसान-सम्मान निधि देना, 220 करोड़ देशवासियों को भारत में बनाई गई मुफ्त वैक्सीन लगा देना, 10 करोड़ परिवारों को आयुष्मान भारत कार्ड उपलब्ध करवाते हुए 5 लाख रू साल का निःशुल्क इलाज उपलब्ध करवाना, 48 करोड़ गरीबों के जनधन के खाते खुलवाकर कोविड के दौरान 21 करोड़ बहनों के खाते में सहयोग राशि भिजवाना सही मायनों में गरीब



कल्याण की भावना से मोदी सरकार द्वारा किया गया कार्य है। डॉ. बिन्दल ने कहा कि सुशासन ऐसा कि हर व्यक्ति को मिलने वाली सहायता राशि डायरेक्ट बैनिफि ट ट्रांसफ र के माध्यम से सीधा लाभार्थी के खाते में डालकर भ्रष्टाचार को समाप्त करते हुए व्यक्ति को अपेक्षित लाभ पहुचाने का काम किया। किसान की आय को बढ़ाने के लिए और उसके खर्चे घटाने के लिए अनेक स्तर पर काम किया। यूरिया खाद का दाम जहां दुनिया में चार गुना से ज्यादा बढ़ गया वहां भारत में खाद के दाम पर पूर्ण नियंत्रण रखा गया और 1.08 लाख करोड़ की सबसिडी उपलब्ध कराई गई। किसान को फ सल के उचित दाम मिले उसके लिए एमएसपी को लगातार बढ़ाया गया और विगत 9 वर्षों में लागत से 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी बढ़ाई गई।

# वंश ने पास की एनएमएमएस स्कॉलरशिप परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी** राजकीय माध्यमिक विद्यालय भैरा (मध्य) के वंश धीमान ने एससीआरटी सोलन द्वारा आयोजित नेशनल मिडल मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा पास की है। मुख्याध्यापक राजेश कुमार ने वंश को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थी बाकी के छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह वंश की लग्न व सभी अध्यापक साथियों की मेहनत का फल है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ की ओर से वंश को स्मृतिचिह्न, डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया।

# विश्वविद्यालय अर्की कर्मचारी कल्याण संघ ने संजय अवस्थी को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अर्की कर्मचारी कल्याण संघ ने गत दिवस को विश्वविद्यालय संकाय भवन में मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक संजय अवस्थी के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया। समारोह में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में अर्की विधानसभा क्षेत्र से संबंधित लगभग 150 कर्मचारियों ने शिरकत की।संजय अवस्थी ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अर्की कर्मचारी कल्याण संघ के सभी सदस्यों का इस सम्मान समोराह के आयोजन के लिए धन्यवाद किया और उन्हें आश्वासन दिया की वह हमेशा अर्की विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास से सम्बंधित किसी भी मुद्दे को लेकर



लोग उनसे उनके कार्यालय में कभी भी मिल सकते हैं और जो लोग कार्यालय नहीं आ सकते वो उन्हें फोन या व्हाट्सप्प के माध्यम से भी अपनी समस्याओं से अवगत करवा सकते हैं जिनका वह तुरंत निवारण करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से बहुत से विभूतियाँ शिक्षा ग्रहण करके देश और विदेश में प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस विश्वविद्यालय को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है और इस दिशा में कार्य करते हुए विश्वविद्यालय में प्रति उपकुलपति को लगाया गया है और जल्द ही उप कुलपति की नियुक्ति भी कर दी जाएगी।गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में अर्की क्षेत्र से लगभग 200 के आसपास कर्मचारी कार्यरत हैं। विधानसभा चुनाव में जीत के उपरान्त अर्की कर्मचारी कल्याण संघ की विश्वविद्यालय इकाई ने पहली मर्तबा अपने स्थानीय विधायक के सम्मान में इस तरह का आयोजन किया। कल्याण संघ के सभी सदस्यों ने मुख्य संसदीय सचिव का इस कार्यक्रम में पधारने पर धन्यवाद किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ के मुख्य सलाहकार डॉ. नन्त राम चौहान, चेयरमैन नरेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष लाभ चन्द शर्मा, वाईस चेयरमैन राम लाल, सहित आदि उपस्थित रहे।

# वैब सीरीज असुर-2 में अहम किरदार निभाने वाले जुनैद सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**
हाल ही में जिओ सिनेमा पर रिलीज हुई वेब सीरीज असुर-2 में अहम किरदार निभाने वाले हिम सर्वोदय स्कूल घुमारवीं के छात्र जुनेद इकबाल को वीरवार को स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर हिम सर्वोदय स्कूल की प्रबंध निदेशक नीलम महाजन जुनेद इकबाल को प्रशस्ति पत्र भेंट किया साथ ही जुनैद इकबाल के सुनहरे भविष्य की कामना की। वही जुनैद इकबाल के पिता जावेद इकबाल को शाल तथा टोपी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के संचालक कमल महाजन खुशी



जताते हुए कहा कि यह स्कूल के लिए बड़े गर्व की बात है कि इस स्कूल के बहुत से छात्र प्रशासनिक अधिकारी तथा डॉक्टर इंजीनियर आदि बनकर निकले तथा अब इस स्कूल के एक और खुशी का मौका आया है जब इस स्कूल के छात्र जुनैद इकबाल कि पहुंच बॉलीवुड इंडस्ट्री तक हो गई है। उन्होंने जुनेद इकबाल के माता-पिता तथा जुनैद को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। साथ ही उम्मीद की जुनैद आने वाले समय में बॉलीवुड का एक उभरता हुआ सितारा बनकर निकलेगा। जुनेद इकबाल हिमसर्वोदय स्कूल में जमा एक का छात्र है जुनैद ने कुछ समय पहले असुर वेब सीरीज के लिए ऑडिशन दिया था।जिसके बाद उनका सिलेक्शन इस सीरीज के एक अहम किरदार के लिए हुआ। यह सीरीज जिओसिनेमा पर प्रसारित हो रही है।

क्राइम बेस इस वेब सीरीज में मुख्य किरदार बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता अरशद वारसी ने निभाया है। इस वेब सीरीज मे जुनैद ने आयुष नामक लडके का किरदार निभाया है तथा इस किरदार को लोगों द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है। इस मौके पर इकबाल ने अपने पिता का धन्यवाद किया जिनके मार्गदर्शन से वह इस मुकाम तक पहुंचे हैं साथ ही उन्होंने स्कूल प्रबंधन तथा अपने अध्यापकों के सहयोग के लिए भी अपना आभार प्रकट किया।

# बहादपुर में आपदा से निपटने के गुर सिखाएं



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बहादपुर शिक्षा खण्ड इंदौरा में आपदा प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के समस्त बच्चों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राहुल देव व आपदा प्रबंधन प्रभारी रमन धीमान ने बच्चों को आपदा से निपटने के गुर सिखाए। आपदा के समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए व आपदा टीम का सहयोग करना चाहिए। अफ रा-तफ री का माहौल नहीं बनाना चहिए बच्चों ने मॉक ड्रिल का भी अभ्यास किया। इस मौके पर नरेश कुमार, नितिन, सुशील, उपेन्द्र, चन्द्र शर्मा, संतोष, अनुरंजन, सरूप, रूबी, बलवीर सहित समस्त स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित था।

# अनुराग ठाकुर द्वारा 10 और 11 जून को बिलासपुर में नेत्र जांच शिविर और चश्मों का वितरण : रणधीर शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
केंद्रीय मंत्री व सांसद हमीरपुर, अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के द्वारा 10 जून को झंडूता के शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल मे और 11 जून को कंदरौर के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में विशाल निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये जानकारी देते हुए श्री नयना देवी जी के विधयाक रणधीर शर्मा ने बताया देश भर से विख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ लोगों की निशुल्क जांच करेंगे और जरूरत अनुसार नंबर वाले चश्मे भी निशुल्क बना कर शिविर में ही दिए जाएंगे। इस



अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी विशेष रूप मे उपस्थित रहेंगे। अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में, अप्रैल महीने में हमीरपुर और ऊना में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया था जहां 9,562 लोगों ने अपनी निशुल्क जांच कराई और 6,735 लोगों को हाथों-हाथ नंबर वाला चश्मा निशुल्क बना कर दिया गया था।अब जिला बिलासपुर के लिए 10 और 11 जून को दो दिन के नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जहां सभी क्षेत्र वासी आमंत्रित हैं। प्रातः 8 बजे से नेत्र विशेषज्ञ लोगों की जांच शुरू करेंगे और शिविर में नंबर वाले चश्मों के साथ दवाई भी निशुल्क दी जाएगी। सभी के लिए खान-पान का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने गत 5 वर्षों मे हिमाचल प्रदेश के 8 जिलों मे गांवों तक अपनी सेवाएं उपलबद्ध कराने का काम किया है, इस दौरान अस्पताल सेवा की 32 मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा गांव-गांव में तो निशुल्क कैंप लगाया जा ही रहा है,साथ ही कोविड़ जैसी महामारी के दौरान भी सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने फ्रंटलाइन वॉरियर बन

## बच्चों को सिखाए आपदा से बचने के गुर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब में वीरवार को विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए मॉक ड्रिल करके उपाय बताएं गए। इसमें विद्यालय डीपी अमरजीत ने विद्यार्थियों को समझाया कि अगर भूकंप आ जाए, तो आपने किस तरह से बचना है और आग लगने की घटना से किस तरह से स्वयं और समाज को बचाना है। विद्यार्थियों ने बहुत ही अच्छे तरीके से सिखाए गए उपायों को करके देखा, जिसमें कक्षा में भूकंप आने पर विद्यार्थियों ने कमरे के बीम के नीचे किनारे में और डेस्क के नीचे बचने के उपाय करके देखें। विद्यालय प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान ने विद्यार्थियों को समझाया कि कभी भी प्राकृतिक आपदा आती है, तो आप लोगों ने घबराना नहीं है बल्कि शांत रहकर उस आपदा से स्वयं भी बचना है।

# देव कमरुनाग की टोलियों का निर्णय अमान्य

**देव परंपरा के अनुसार परते की लंबी जदोजहद के बीच आखिरकार गुरदेव गूर पर जनता भारी पड़ गई।**

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**
बड़ा देव कमरुनाग की तीनों टोलियों के फैसले को अमान्य करार देते हुए वीरवार को जनता ने नए गूर देवी सिंह को बड़ा देव कमरुनाग के गूर की कमान सौंप दी है। जनता कर फैसले के आगे निवर्तमान गूर गुरदेव को अपनी कुर्सी छोड ?ी पड़ी और देव कमरुनाग की संपत्ति समेत सूरज पखे को नए गूर देवी सिंह के सपुर्द करना पड़ा। देव परंपरा के अनुसार परते की लंबी जदोजहद के बीच आखिरकार गुरदेव गूर पर जनता भारी पड़ गई। अब महरयार गांव के 65 वर्षीय



देवी सिंह देव कमरुनाग के अगले गूर होंगे। देव कमरुनाग की तीनों टोलियों ने बुधवार को फैसला लिया था कि निवर्तमान गूर गुरदेव कमरुनाग के गूर रहेंगे और वही देवता का सरानाहुली मेला लगाएंगे। लेकिन वीरवार को जनता धँग्यारा गल्लू पहुंची और देवता कमेटी से 4 घण्टे चले वातार्लाप के बाद यह निर्णय लिया गया कि देवी सिंह गूर का परता सफल हुआ है और देव नीति के अनुसार देव देव कमरुनाग के गूर देवी सिंह ही होंगे। गुरदेव और उनके समर्थकों के लिए यह झटका माना गया है। बड़ा देव कमरुनाग का सरानाहुली मेला अब नए गूर देवी सिंह लगाएंगे। वहीं गुरदेव गूर पर आरोप था कि उन्होंने परते के समय देवता को मेहमाननवाजी में उतार दिया। दूसरा आरोप था कि जब से गुरदेव गूर बने तब से फ सलों के लिए खरे नही उतरे है। इन सब बातों को लेकर मचे बवाल के बीच वीरवार को बड़ा देव कमरुनाग के नए गूर के रूप में देवी सिंह की ताजपोशी की गई। देवता के कटवाल काहन सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

आराध्य देव श्री कमरुनाग के नये गूर देवी राम।

# पीएमजेएसवाई के तहत चुराह विस क्षेत्र को मिलेंगे 50 करोड़ : विक्रमादित्य सिंह

**उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सब के सहयोग से विकास कार्य को अंजाम दे रही है।**

**इंडोर खेल स्टेडियम बनाने की सौगात की प्रदान**

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद
लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गुरु वार को चंबा प्रवास के दूसरे दिन विधानसभा क्षेत्र चुराह के तहत चंबा-तीसा-किलाड़ (पांगी) मुख्य सडक मार्ग पर तीसा नाला में डबल लेन 45 मीटर लंबे कंक्रीट स्पान ग्रीडर पुल का लोकार्पण किया। अनुसूचित जाति विकास योजना के तहत निर्मित इस पुल



के निर्माण कार्यों पर 4 करोड़ 56 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। अटल चौक तीसा के समीप आयोजित एक भव्य जनसभा को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने विधानसभा क्षेत्र चुराह में सडक नेटवर्क को विस्तार देने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के चरण तृतीय के तहत 50 करोड रुपए की राशि उपलब्ध करवाने का ऐलान किया। उन्होंने यहां इंडोर खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा करते हुए विभाग को उचित भूमि का चयन करने के निर्देश भी जारी किए। गडफ री-थल्ली संपर्क सडक में अनियमितताएं पाए जाने की अवस्था में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की बात भी अपने संबोधन में कही। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सब के सहयोग से विकास कार्य को अंजाम दे रही है। विकास कार्यों में पिछड़े और दूरदराज के क्षेत्रों में विशेष प्राथमिकता की बात करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पहले से जारी विभिन्न सडक परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा की जा रही है और यह भी सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि परियोजनाएं उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर पूरी हों।

## स्वर्णकार 28 जून से बंद रखेंगे अपनी दुकानें

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ की बैठक वीरवार को मेन बाजार ऊना में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष प्रिंस राजपूत ने की। बैठक के दौरान हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष प्रिंस राजपूत ने बताया कि गर्मियों के चलते स्वर्णकार संघ ने 28 जून से लेकर 2 जुलाई तक अपनी-अपनी दुकानें बंद रखने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि पांच दिन तक जिला भर के सभी स्वर्णकार अपनी दुकान बंद रखेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिलासपुर जिला में किया गया मॉकड्रिल पूर्वाभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
बिलासपुर जिला में आज राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिला के 5 जगहो पर बाढ़, भूस्खलन, आग लगने से प्रतीकात्मक नुकसान मानकर बचावण्राहत कार्यों का मॉक अभ्यास किया गया। यह सूचना मॉक ड्रिल जिला आपातकाल संचालन केंद्र से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर दी जा रही है। उपमंडल सदर के अंतर्गत चांदपुर पुल के समीप गांव बधयात में बाढ़ की स्थिति में लोगों के बचाव व राहत कार्य, ब्वॉय स्कूल बिलासपुर में आग लगने की स्थिति में छात्रों को सुरक्षित निकालना राहत एवं बचाव कार्यए क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में आपदा की स्थिति में अधिक संख्या में घायलों के पहुंचने पर फर्स्ट ऐड एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने, बामटा चौक पर भूस्खलन के कारण आई आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य, कोलडैम में अत्यधिक बारिश होने पर लव कुश टनल से पानी छोड? से आसण्पास के गांव में राहत एवं बचाव कार्य का अभ्यास किया गया।

### नेक्सा ने 12,74,000 रुपए की कीमत में लॉन्च की वास्तंविक ऑफ रोडर जिम्नी 5-डोर

**शिमला:** रोमांच और एडवेंचर के एक नए युग की शुरूआत के साथ मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने अपनी बहुप्रतीक्षि?त ऑफ रोडर जिम्नी को1274000 रुपए की कीमत पर लॉन्च करने की घोषणा की है। जिम्नी आज से पूरे देश में नेक्सा शोरूम पर डि?लीवरी के लिए उपलब्ध होगी। अनजान क्षेत्रों में सफर करने और नेवर टर्न बैक भावना को विकसित करने के लिए अटूट प्रतिबद्धता के साथ तैयार की गई यह असाधारण एसयूवी एडवेंचर, मजबूती और बहुमुखी प्रतिभा का एक साथ




प्रतिनिधित्वी करती है। जिम्नी 5 .डोर भावुक और पेशेवर एसयूवी पसंद लोगों को उत्साहित करने के लिए लक्षित है जो ऑटोमैटिक और मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ जेटा और अल्फा वेरिएंट में उपलब्धं होगी। नेक्सा की डिजाइन अवधारणा क्राफ्टेड फ्यूचरिज्म को आगे बढ़ाते हुए जिम्नी ने नेक्सा एसयूवी पोर्टफोलियो में एक नए डिजाइन कैरेक्टर को जोड़ा है।ये तीन प्रमुख स्तंभों नेक्सुप्रेशन,नेक्स टेक और नेक्स्पीरियंस को भी और मजबूत बनाने में योगदान करता है। हिसाशी ताकेउची, मैनेजिंग डायरेक्टेर और सीईओ मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा श्रोमांच की प्रतीक प्रतिष्ठित जिम्नी को भारतीय बाजार में पेश करते हुए हमें बहुत गर्व हो रहा है। सुजुकी की ऑलग्रिप प्रो 4व्हील ड्राइव तकनीक से सुसज्जित अपने कालातीत डिजाइन और असाधारण ऑफ .रोड क्षमताओं के साथ जिम्नी 1970 में अपनी वैश्विक शुरूआत के बाद से 5 दशकों से अधिक समय से निरंतर रूढ़ियों को तोड़ रही हे।जिम्नी 5 डोर का लॉन्च हमारे एसयूवी पोर्टफोलियो में एक शानदार मील का पत्थर है और देश का सबसे बड़ा एसयूवी निमार्ता बनने के हमारे लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।संभावित ग्राहकों और आलोचकों दोनों से जिम्नी को समान रूप से मिली प्रतिक्रिया से हम बहुत खुश हैं। हमें पूरा भरोसा है कि जिम्नी ग्राहकों को एक नेवर टर्न बैक रवैये के साथ सभी मुश्किलों को पार करते हुए अनजान इलाकों और अपनी शक्ति का पता लगाने में सशक्त बनाएगी। उन्होंने आगे कहा सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के लिए भारत न केवल घरेलू बाजार के रूप में बल्कि एक वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि भारत जिम्नी 5 डोर के लिए एक मदर प्लांट के रूप में काम करेगा और इसके लॉन्च के लिए पहला बाजार भी होगा। यह वास्तव में दुनिया के लिए मेक.इन.इंडिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

### आईआईटी मद्रास ने इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स में अपनी पहली बीएस डिग्री के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**शिमला:** शिक्षा एवं शोध में उत्कृष्टता के लिए मशहूर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास (आईआईटी मद्रास) हाल में लॉन्च किए गए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स में अपने पहले ऑफ –कैंपस बीएस डिग्री प्रोग्राम के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स,एम्बेडेड प्रोग्रामिंग, डिजिटल सिस्टम्स, और कंट्रोल इंजीनियरिंग पर बल देते हुए यह प्रोग्राम विद्यार्थियों को सीखे गए इंजीनियरिंग सिद्धांतों और ज्ञान का उपयोग एप्लीकेशंस के लिए प्रणालियों और प्रक्रियाओं में सुधार लाने के लिए करने में समर्थ बनाएगा। इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून, 2023 है।

# मिनर्वा किड्स जोन घुमारवीं में धूमधाम से मनाया पेरेंट्स डे



**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**
मिनर्वा किड्स जोन घुमारवीं द्वारा बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास एवं पेरेंट्स के प्रति सम्मान के लिए पेरेंट्स डे मनाया गया। किड्स जोन द्वारा करवाए गए इस समारोह में नौनिहाल जहां रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर पहुंचे वहीं बच्चों के माता पिता भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य परवेश चंदेल द्वारा सरस्वती की फोटो के समक्ष पूजा.अर्चना और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए किड्स जोन की प्रभारी आरती चंदेल ने मौजूद सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। लोक संस्कृति, देश भक्ति से ओतप्रोत परिधान में बच्चे नजर आए। किसी ने शिवाजी का तो किसी ने झांसी की रानी का रोल निभाया। स्कूल प्रशासन ने बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया था। अपने अभिभावकों के सामने छोट-छोटे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में पेरेंट्स से गेम करवाई गई विनर को सम्मानित भी किया गया। प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने बच्चों के माता पिता का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। बच्चों ने अपने पेरेंट्स के स्वागत में पापा हमारे पापा, नन्हे-मुन्हे बच्चे तेरी मुी में क्या है वे तू लौंग वे मैं इलायची पर डांस करके सबका मन मोह लिया। बच्चों में ईशिता फैंसी ड्रेस मे, श्रव्या ने झांसी की रानी, ओजस ने टमाटर, समायरा ने जोकर, रिजुल ने शिवाजी, आराध्य, रिहान, नकक्ष, ध्रुव, आदिश ने आर्मी मैन, आयना ने चाइनीस गर्ल, पूर्णिमा टीचर, द्विजेश ने हनुमान, माधव ने कृष्णा के रूप में पस्तुत होकर सबका मन मोह लिया। यूकेजी कक्षा से सारनय सीता, प्रणव ठाकुर, निकशित पेड़, शाख, अर्णव, दिव्यांश, परीक्षित, नूतन फ ौजी ग्रुप में रियास और अरनव ठाकुर ट्रैफिक लाइट, सात्विक, परी, दिव्यांश नेता, वसुधा पंडित हेल्दी फूड, सार्थिका राधा, पांशुल बादल, विभोर फुटबॉल खिलाड़ी, नकक्ष सिंगर, युवान सिपाही, आर्य सृजन इंदिरा गांधी के रूप में प्रस्तुत हुए।

## कुणाल और आकाश ने प्राप्त की स्कॉलरशिप

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर के दो छात्रों ने नेशनल मींस कम मेरिट परीक्षा प्राप्त की है। जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बताया कि स्कॉलरशिप के लिए स्कूल के दो छात्रों कुणाल और आकाश ने परीक्षा को पास करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि यह छात्रवृत्ति प्रतिभाशाली तथा मेधावी छात्रों के लिए शुरू की गई है, जिसके तहत 4 वर्षों तक प्रति वर्ष 12000 की वित्तीय मदद प्रदान की जाती है। इस मौके पर सतनाम कौर, राजीव शर्मा तथा स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# 46 ग्राम चिट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**
कुल्लू जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करी को रोकने के लिए अभियान चलाया है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों पर 46 ग्राम चिट्टा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में पतलीकूहल पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 18 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार पतलीकुहल पुलिस टीम ने राऊगी नाला में नाकाबंदी के दौरान कालू राम (45 वर्ष) पुत्र स्व हंस राज निवासी गांव पडाचा डाकघर डोभी तहसील व जिला कुल्लू के कब्जा



से 18 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। वहीं, दूसरे मामले में सदर थाना कुल्लू की टीम ने बारी बिहाल (भुंतर) फोरलेन में गश्त के दौरान एक गाड़ी नम्बर एचपी 01के 7669 की नियमानुसार चैकिंग की तो पवन कुमार (25 वर्ष) पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गांव अलगन डाकघर बथेरी तहसील पधर जिला मण्डी के कब्जा से 28 ग्राम हेरोईन/चिट्टा बरामद किया है। उधर, एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दो मामलों में दो लोगों को 46 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# विधायक भुट्टो ने लिंक रोड का किया भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुटटो ने वीरवार को धनेत पंचायत के गांव ठंठू में 20 लाख की लागत से 500 मीटर लिंक सडक का भूमि पूजन किया। इस दौरान विधायक भुट्टो ने जनता की समस्याएं भी सुनी। विधायक भुट्टो ने कहा कि 20 वर्षों तक पूर्व मंत्री कुटलैहड़ में पानी पर राजनीति करते रहे और जब 20 वर्षों बाद कुटलैहड़ की जनता ने उन्हें नकार दिया। अब हार की बौखलाहट से अनाप शनाप बयानबाजी पर उतर आए है। भुटटो ने कहा कि हम बोलना कम और काम पर ज्यादा जोर देते है। उन्होंने कहा कि हमने



केवल कुटलैहड़ के विकास और जनता की समस्याओं को हल करने की ही प्राथमिकता देनी है। भुटटो ने कहा कि धनेत पंचायत से संबंध रखने वाली राजपुरा तलमेहड़ा सडक जनता की पुरानी मांग थी। वह हमने पुरी की है, जिससे सोहारी तलमेहड़ा जाने वालों को राहत प्रदान की है। भुटटो ने कहा कि धनेत पंचायत में क्या नया हो सकता है, इस पर हम विचार कर रहे है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र को इंडस्ट्री लगे, इसको लेकर उद्योग मंत्री से बातचीत चल रही है। इस मौके पर लोकनिवि के अधिशाषी अभियंता देवराज भाटिया, एसडीओ प्यार सिंह, जेई महिंद्र सिंह, स्थानीय प्रधान राज कुमारी, उपप्रधान अशोक कुमार, पूर्व प्रधान रमेश, डुमखर पूर्व प्रधान चन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# कला के माध्यम से समाज को किया जा सकता है परिवर्तित :साक्षी वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**
अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में बुधवार को दिल्ली की संस्था स्टूडियो 7 की तरफ से देश के अलग-अलग कोनों से आए कलाकारों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक कुल्लू साक्षी वर्मा ने किया। उन्होंने कलाकारों द्वारा बनाई गई पेंटिंग की सराहना करते हुए कहा कि एक कलाकार सामाजिक कुरूतियों को मिटाने में अपनी कला के माध्यम से महत्वपूर्ण रोल अदा कर सकता है। कला समाज में एक परिवर्तन ला सकती है। भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में



दिल्ली के सुरेश कुमार, अल्फ ी कुमार, शमीर्ला शर्मा, स्नेहा यादव, भोपाल से डॉ. सोनम सिकरवार, हंसा मिलान कुमार, पूर्णिमा सिसोदिया, बैंगलोर से डॉ. रेखा श्रीवास्तव, मुम्बई से उशिता जैन, निलंगी प्रभुकेलुसकर सहित अन्य ने भाग लिया। दिल्ली के कलाकार सुरेश कुमार के उत्कृष्ट चित्र व धातु शिल्प की कला में विविधता उत्पन्न करते हैं व देश विदेश के पर्यटक कलाकार की कला क्षमता की प्रशंसा कर रहे हैं। सभी कलाकारों के अपने-अपने बड़े ही अनुभवी चित्र उनकी पहचान हैं। किसी के चित्र प्रकृति से जुड़े हैं तो कोई नारी के हर रूप को दिखाता है। कोई बचपन को दिखाता है तो कोई जीवन के कई रूपों को दिखाता है। इस प्रदर्शनी में हर प्रकार के चित्र एक ही जगह देखने को मिल रहे हैं। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने मुख्यातिथि एसपी साक्षी वर्मा का रौरिक आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी के उद्घाटन के लिए समय देने के लिए धन्यवाद किया। रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने सभी कलाकारों का रौरिक आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी लगाने के लिए आभार जताया। कलाकार सुरेश कुमार ने प्रदर्शनी लगाने के लिए समय देने पर ट्रस्ट प्रबन्धन, उपायुक्त कुल्लू एवं निदेशक आईआरएमटी नग्गर आशुतोष गर्ग का धन्यवाद किया है। इस अवसर पर हैरिटेज विलेज नग्गर के पर्यटन विकास सोसायटी के अध्यक्ष सन्त कुमार शर्मा, पंचायत प्रधान प्रदीप कुमार, चित्रकार घनश्याम कश्यप, रविकान्त झा, रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन, अमरजीत, नीरत राम, झाबे राम, सुरेन्द्र मोहन, कुल्लू घाटी के गणमान्य लोगों सहित देश-विदेश के पर्यटकों ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी में लगभग 150 कलाकृतियां प्रदर्शित की जा रही हैं और 10 जून तक पर्यटकों के लिए यह प्रदर्शनी लगी रहेगी।

# भरवाई स्कूल में आपदा मॉकड्रिल का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला भरवाईं में वीरवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में पीकॉक इको क्लब, एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा स्काउट और गाइड इकाई ने भी हिस्सा लिया।



प्रधानाचार्य नरेश शर्मा ने सभी बच्चों को आपदा की परिस्थितियों में बचाव के तरीकों बारे अवगत करवाया। इस मौके पर शैलजा कुमारी, प्रवक्ता सुरेश कुमारी, एनसीसी ऑफिसर ललित मोहन, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ऑफिसर सुनील कुमार, रेणु, संजीव कुमार तथा वोकेशनल टीचर किशन चंद उपस्थित रहे।

Himachal Pradesh
Public works Department
CORRIGENDUM

The tenders called vide this office letter No. 901-50 dated 17.05.2023 scheduled to be opened on 07.06.2023, published in weekly Newspaper on dated 23.05.2023 in RO No. 691/2023-24 (classified) dated 18.05.2023 are hereby postponed due to administrative/ technical reasons. now the date of opening of tender may be read as under:-

Date of application 23.06.2023
Date of Sale 05.06.2023 may be read as 23.06.2023
Date of Opening07.06.2023 may be read as 26.06.2023

All other terms and conditions in the notice inviting tender will remain the same.

Executive Engineer,
Bharwain Division,
HPPWD, Bharwain.

RO No. 1054/2023-2024

## न्यूज फ्लैश

### योगाभ्यास का सबसे महत्वपूर्ण घटक है ध्यान: लक्ष्मीनारायण

**सोनीपत: लक्ष्य स्वस्थ** सोनीपत समिति द्वारा जिला सोनीपत में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के लिए पार्कों,शिक्षण संस्थानों,सामुदायिक केंद्रों में अपने योग प्रशिक्षकों के द्वारा सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को सोनीपत सेक्टर 12 स्थित सामुदायिक केन्द्र में विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाते हुए समिति के प्रधान व सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मीनारायण ने बताया कि योग मानवजाति को प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की का अनुपम उपहार है। 27 सितंबर,2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र को संबोधित करते हुए भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व समुदाय से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का आह्वान किया था। 11 दिसंबर,2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों ने रिकॉर्ड 177 सह-समर्थक देशों के साथ 21 जून को "अंतरराष्ट्रीय योग दिवस" मनाने का संकल्प सर्वसम्मति से अनुमोदित किया था। 2015 में 21 जून को पहला योग दिवस सम्पूर्ण विश्व में बड़ी धूमधाम से मनाया गया था। इस वर्ष 2023 में 21 जून को 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिले में प्रशासनिक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को गर्दन, कमर,घुटनों के सूक्ष्म व्यायाम,खड़े होकर किए जाने वाले ताड़ासन,वृक्षासन बैठकर किए जाने वाले भद्रासन,वज्रासन,उष्ट्रासन, शशांकासन, वक्रासन पेट के बल मकरासन,भुजंगासन,शलभासन, पवनमुक्तासन व कपालभाति, अनुलोमविलोम, शीतली व सीत्कारी आदि प्राणायामों का अभ्यास करवाते हुए उनकी विधि,लाभ व सावधानियां बताते हुए कहा कि योगाभ्यास में ध्यान सबसे महत्वपूर्ण घटक है। इसके अभ्यास से मन,मस्तिष्क शांत रहता है,भय,क्रोध,चिंता,तनाव दूर होता है। शरीर तरोताजा रहता है। इस अवसर पर समिति के उपप्रधान महेन्द्रपाल पंवार,स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक नितिन जैन,स्टेट अवार्डी प्राध्यापक दिलबाग सिंह,दीपक मान,महावीर सिंह,प्रेम, प्रेरणा,तान्या,आशीष आदि उपस्थित रहे।

### केजरीवाल पानी देकर बने हरियाणा का लाल: झरौठी

**सोनीपत: भाजपा** नेता व पूर्व चैयरमैन अनिल झरौठी ने आज जींद में आम आदमी पार्टी दारा निकाली गयी यात्रा में हरियाणा का लाल मुख्यमंत्री केजरीवाल पर कहने पर कडी टिप्पणी की। पूर्व चैयरमैन अनिल झरौठी ने कहा की पहले मुख्यमंत्री केजरीवाल सतलुज युमना नहर का पानी हरियाणा में लाकर साबित करने का प्रयास करे । झरौठी ने कहा कि जब पंजाब से पानी की बात करते हैं तो पानी नहीं देने की बात करता है परंतु जब दिल्ली के पानी की बात होती है तो वह हरियाणा पर कम पानी देने का आरोप लगाने लग जाता है,वह हमेशा दोगली नीति पर काम करता है। पिछले दिनों पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा का हिस्सा नहीं देने पर मुख्यमंत्री केजरीवाल चुपी साद ली वह हरियाणा के किसी भी मुदद पर हरियाणा का पक्ष नही लेता। मुख्यमंत्री केजरीवाल हमेशा दोगली नीति पर हरियाणा में कुछ पंजाब में कुछ व दिल्ली पर अलग अलग विचार रखता है हरियाणा की जनता उनको समझ चूकी है।

### बेवरेज कार्टन्स रिसाइकलिंग के विषय पर वेबिनार आयोजित किया

**नई दिल्ली।** युनाइटेड नेशंस सेंटर फॉर रीजनल डैवलपमेंट जापान, ऐक्शन अलायंस फॉर रिसाइकलिंग बेवरेज कार्टन्स और 3 आर वेस्ट फाउंडेशन ने मिलकर हाल ही में एक वेबिनार आयोजित किया जिसका शीर्षक था बेवरेज कार्टन्स रिसाइकलिंग प्रैक्टिसिस एंड ईकोसिस्टम फॉर अ सर्कुलर इकॉनॉमी: सॉल्यूशंस, अपडेट्स एंड चैलेंजिस। इस वेबिनार में एएआरसी सदस्यों जैसे जानेमाने इंडस्ट्री विशेषज्ञों, विद्यार्थियों और पर्यावरणीय जानकारों ने शिरकत की जो कोरिया, तन्जानिया, नीदरलैंड्स आदि देशों से थे। इस प्रतिष्ठित आयोजन में कुछ ऐसे नामीगिरामी लोग भी शामिल हुए जो सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में इंडस्ट्री विशेषज्ञ हैं। इस वेबिनार का संचालन डॉ कुलवंत सिंह (सलाहकार, सस्टेनेबल एनआरएम व प्रोडक्टिविटी ऐन्हांसमेंट प्रोजेक्ट) और डॉ एन बी मजूमदार (अंतर्राष्ट्रीय कचरा प्रबंधन विशेषज्ञ) ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन की शुरूआत करते हुए टेट्रा पैक प्रा.लि. के कमलेश खोलिया ने इस्तेमाल किए जा चुके कार्टन्स की रिसाइकलिंग हेतु उपलब्ध मौजूदा व्यवस्था के बारे में जानकारी दी तथा उन्होंने बताया की टेट्रा पैक ने इस मुद्दे पर क्या कदम उठाए हैं।

इस वेबिनार में युनाइटेड नेशंस सेंटर फॉर रीजनल डैवलपमेंट जापान का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ अनुपम खजूरिया ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला की रिसाइकलिंग, व्यापक सर्कुलर इकॉनॉमी का केवल एक हिस्सा भर है। डॉ खजूरिया ने इस आयाम के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया जिनमें डिजाइन, उत्पादन, वितरण, खपत (इस्तेमाल, पुन:उपयोग, मरम्मत), संग्रहण और रिसाइकलिंग शामिल हैं। इस्तेमाल किए जा चुके बेवरेज कार्टन्स (यूबीसी) की रिसाइकलिंग प्रक्रिया का विवरण देते हुए डॉ खजूरिया ने इस पहलू पर रोशनी डाली की पेपर कार्टन्स पर्यावरण पर कम बोझ डालते हैं।

# साइट ए इंडस्ट्रियल क्षेत्र का डीएम ने किया निरीक्षण

## कारोबारियों ने टैक्स वसूले जाने के बाद भी विकास कार्य नहीं कराने की कही थी बात

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी**

**जिलाधिकारी पुलकित** खरे द्वारा कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र में उद्यमियों के साथ बैठक की गई। बैठक में उद्यमियों द्वारा क्षेत्र एवं इंडस्ट्री के संबंध में विभिन्न परेशानियों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्र की सड़क की मरम्मत तथा आवश्यकता अनुसार नई सड़क निर्माण एवं प्रस्ताव बनाकर जिलाधिकारी के समक्ष रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए की नालों की साफ सफाई निरंतर की जाये तथा बारिश के मौसम के दृष्टिगत रोस्टर बनाकर नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित करें। नालों की सफाई की समस्या का निदान प्राथमिकता से लेते हुए करे। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं इंडस्ट्रियल क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उद्यमियों की समस्याओं को स्वयं समझा और उनको दूर करने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इंडस्ट्रियल क्षेत्र में हुए अतिक्रमण को स्वयं देखा और तहसीलदार सदर को निर्देशित किया कि शीघ्र अतिक्रमण पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करे। उन्होंने पक्के अतिक्रमण के संबंध में यूपी सीडा को निर्देश दिए और अतिक्रमण मुक्त करने को कहा। जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्र की सड़क का मुआयना किया गया, उन्होंने इंडस्ट्रियल क्षेत्र के नालों का जायजा लिया, क्षेत्र की अन्य समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने साइट ए इंडस्ट्रियल क्षेत्र के सर्विस रोड पर अनाधिकृत रूप से खड़े ट्रैक्टर को सीज करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ए.आर.टी.ओ को निर्देशित किया कि सभी को सीज करते हुए चालान किया जाए, उक्त सभी ट्रैक्टर द्वारा सर्विस रोड पर अतिक्रमण किया जा रहा है तथा अनाधिकृत रूप से यातायात को प्रभावित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि इंडस्ट्रियल क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें, वर्षा के दृष्टिगत जलभराव की समस्या वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये। प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि औद्योगिक क्षेत्र में निरंतर निरीक्षण करते रहें।



# प्रोजेक्ट अलंकार से संवरेगी माध्यमिक विद्यालयों की सूरत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**शासन द्वारा** संचालित प्रोजेक्ट अलंकार के तहत माध्यमिक विद्यालयों को सजाया संवारा जाएगा। इसके लिए अब तक तीन विद्यालयों के लिए धनराशि प्राप्त हो चुकी है और अन्य कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इस योजना के तहत माध्यमिक के 36 विद्यालयों का कायापलट किया जाएगा। जिसमें सात मॉडल स्कूल और सात पहले से चल रहे राजकीय विद्यालय के अलावा 22 राजकीय हाई स्कूल भी शामिल हैं। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत 35 बिंदुओं पर शिक्षा विभाग द्वारा कार्य किया जाना है। इन 35 पैरामीटर मे से 16 बिंदु ऐसे जिसके लिए राज्य सरकार धनराशि देगी और 9 बिंदु ऐसे जिसके लिए राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत पैसा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 10 बिंदु ऐसे ही जिनके लिए जनपद स्तर पर उपलब्ध धनराशि से कार्य किए जाने हैं। राज्य सरकार की धनराशि से स्वच्छ पेयजल , बालक एवं बालिका शौचालय, सभी कमरों में टाइल्स, मल्टीपरपज हॉल, स्टाफ रूम, फर्नीचर एवं प्रधानाचार्य कक्ष का कार्य होना है। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत स्मार्ट क्लास विज्ञान प्रयोगशाला, गृह विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर प्रयोगशाला, पुस्तकालय और सोलर पैनल लगाया जाना है। इसके अलावा जनपद स्तर से उपलब्ध धनराशि से सीसीटीवी कैमरा, चार दिवारी, मुख्य द्वार, बिजली का नवीन मीटर, स्वच्छ जल, खेल का मैदान और सफेदी आदि का कार्य संपन्न कराया जाना है। अब तक तीन विद्यालयों के लिए यह धनराशि प्राप्त हो चुकी है जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज अड़ींग की मरम्मत के लिए 80 लाख, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के लिए एक करोड़ पांच लाख और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज परखम के लिए 30 लाख ही धनराशि प्राप्त हो चुकी है।

# मारुति शोरूम में लगी आग, कई गाड़िया जली,करीब 1 करोड़ का हुआ नुकसान



**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा में** वीरवार की सुबह करीब साढ़े 7 बजे दिल्ली रोड पर सिथित जगमोहन मारुति शोरूम में आग लग गई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया, लेकिन ये अनुमान लगाया जा रहा हैं कि आग लगने का कारण शार्ट सर्किट हो सकता हैं। सूचना पर खरखौदा पुलिस भी मौके पर पहुँची। वही बिजली विभाग को आग लगने की सूचना देकर बिजली को बंद करवाया गया। शोरूम के वॉइस प्रेसिडेंट राजेश मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह उनके मारुति शोरूम में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो शोरूम में 3 गाड़िया जिनमे स्विफ्ट, वेगनआर, सेलेरियो गाड़ी जलकर खाक हो गई। इसके अलावा शोरूम का अन्य सामान भी इस आगजनी के दौरान जलकर राख हो गया। वही दमकल केन्द्र की 3 गाड़ियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद 5 बार मे करीब 2 घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया।

## घर पहुंचने से पहले पहुंच गई पिता पुत्री की मौत की सूचना

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**शादी** समारोह में शामिल होकर लौट रहे पिता पुत्री के घर पहुंचने से पहले उनकी मौत की सूचना पहुंच गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में जिसने भी सुना वह स्तब्ध रह गया। गुरुवार को सुरीर क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी प्रकाश चंद अपनी 18 वर्षीय बेटी सीमा एवं गांव के ही एक अन्य व्यक्ति 32 वर्षीय शिव कुमार पुत्र सुखपाल सिंह के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मुकेश चंद्र ने थाना मांट में कार चालक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# एक दिवसीय सरपंच सम्मेलन का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सीईओ जिला** परिषद् डॉ० सुशील कुमार के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिलबाग सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सरपंचों को गांव को मॉडल बनाने के लिए स्वच्छता संबंधित व अन्य सभी प्रकार की जानकारी दी गई। इसके साथ ही जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने सभी सरपंचों को मॉडल गांव बनाने के लिए की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए सरपंचों को गांव में कचरा सैड व सामूहिक शौचालय बनाने के लिए प्रस्ताव देने की अपील की। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने सरपंचों को ग्राम पंचायत में पॉलोथीन एवं प्लास्टिक को न जलाने के लिए प्रेरित किया और ठोस कचरे का अपने घर पर ही अलग-अलग करने की अपील की। इस सम्मेलन में पीओ मनरेगा सुमित कुमार ने कॉनवरजेंस द्वारा ग्राम पंचायत में कार्य करने की पूर्ण जानकारी दी गई। इसके अलावा एडीपीए ई-पंचायत सतीश कुमार द्वारा ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत कि जाने वाले कार्यों की जानकारी दी।

इस मौके पर ब्लॉक समिति राई के चेयरमैन जोगिन्द्र सिंह सहित राई खण्ड के सभी सरपंच, ग्राम सचिवों, एबीपीओ मनरेगा तथा खण्ड संयोजक एसबीएमजी मौजूद रहे।



# पुरानी पेंशन बहाली के लिए हुआ संयुक्त मंच का गठन

**मथुरा।**

**पुरानी पेंशन** की बहाली के लिए देशव्यापी आंदोलन चल रहा है। जिसमें केंद्रीय राज्य कर्मचारी व शिक्षक संगठनों को मिलाकर पुरानी पेंशन योजना बहाली मंच का गठन राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर पर किया जा चुका है। तहसील सदर मथुरा के सभाकक्ष में सभी शिक्षक व कर्मचारियों सहित ऑल इंडिया नार्थ सेंट्रल रेलवे यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में रेलवे यूनियन से डी के गोयल व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से छेदा लाल को संयोजक तथा अशोक लवानिया (प्राथमिक शिक्षक संघ) अतुल सारस्वत (जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ) दिलीप कुमार बागला (कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ) सुनील कुमार उपाध्याय (डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ) व बलबीर सिंह (लेखपाल संघ) को सह संयोजक घोषित करते हुए अन्य विभागीय संगठनों से सदस्य संयोजक नामित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त मंच के प्रांतीय सदस्य संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद डी एस दीक्षित द्वारा मंच के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए पुरानी पेंशन लागू करने हेतु आंदोलन की निर्धारित रूपरेखा के अनुसार आंदोलन के लिए समस्त पदाधिकारियों का आह्वान किया कि आंदोलन की सफलता हेतु ब्लॉक स्तर तक जाकर बैठकें आयोजित करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आगरा मंडल अध्यक्ष विकास चौहान द्वारा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा-मथुरा हेतु राजस्व संग्रह अमीन संघ के जिलाध्यक्ष छेदा लाल को परिषद का जिला संयोजक तथा सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश से हरीश शर्मा व संभागीय परिवहन संघ से अजय कुमार को सह संयोजक नामित किया गया। बैठक में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेंद्र सारस्वत सहित लक्ष्मी नारायण, मनोज कुमार शर्मा, गौरव यादव, विनोद कुमार, अनिल कुमार, सूर्यवीर सिंह, रविंद्र चैधरी, सुधीर सोलंकी, अशोक कुमार, कपिल यदुवंशी, सादिया खान सहित अन्य शिक्षक कर्मचारी संगठनों के



## रिलायंस ज्वेल्स ने अपने "विवाहम संग्रह" का अनावरण किया

**पानीपत:** आभूषण उद्योग में एक प्रसिद्ध नाम, रिलायंस ज्वेल्स को अपने बहुप्रतीक्षित "विवाहम संग्रह" के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, शादी के गहनों की एक उत्कृष्ट श्रृंखला हर दुल्हन को उसके खास दिन पर रानी की तरह महसूस कराने के लिए डिजाइन की गई है, चाहे वह जिंदगी के किसी भी स्तर से आती हो। यह संग्रह भारत भर में क्षेत्रीय दुल्हनों की विविधता और भव्यता को सम्मान प्रदान करता है और उनकी अनोखी शैलियों और प्रेरणाओं को दर्शाता है। अलग-अलग क्षेत्रों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को शामिल करने के साथ, विवाह संग्रह में 15 से ज्यादा विशिष्ट ब्राइडल लुक को भी प्रदर्शित किया गया हैं, जिनमें से प्रत्येक भारत के एक अलग हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। धनी बंगाली दुल्हन से देदीप्यमान ओडिशा दुल्हन तक, आकर्षक महाराष्ट्रीयन दुल्हन से सुरुचिपूर्ण राजस्थानी दुल्हन तक, फैशनेबल मेट्रो दुल्हन से चमकदार पंजाबी दुल्हन तक, सुरुचिपूर्ण तेलुगू दुल्हन से भव्य बिहारी दुल्हन और अन्य सम्मोहक करने वाले और जटिल रूप जो हमारे देश की समृद्ध संस्कृति और शादियों की परंपराओं का उत्सव मनाते हैं। रिलायंस ज्वेल्स ने हर दुल्हन के पहनावे को पूरा करने के लिए गहनों को सावधानीपूर्वक क्यूरेट किया है, जिससे यह सभी ब्राइडल ज्वैलरी की जरूरतों के लिए वन स्टॉप शॉप बन गया है। इस कलेक्शन में चोकर्स, लंबे नेकलेस, चूड़ियां, अंगूठियां, झुमके, चोकर सेट, मंगलसूत्र, मांगटीका, नथ, हाथफूल, कमरबंद, बाजूबंद, कंगन और भी बहुत कुछ शामिल हैं। यह विविध संग्रह हर क्षेत्र की दुल्हनों का उत्सव मनाता है।

## कोका-कोला इंडिया ने 100% रीसाइकिल पीईटी से बनीं किनले बॉटल्स लॉन्च की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** कोका-कोला इंडिया ने आज आंध्र प्रदेश में 100% रीसाइकिल पीईटी प्लास्टिक मटेरियल से बनी नई बॉटल्स लॉन्च की हैं। भारत में यह पहली बार है जब 100% रीसाइकिल पीईटी से बनाई गई बॉटल का इस्तेमाल फूड एवं बेवरेज के लिए किया जा रहा है। कचरा मुक्त विश्व (वर्ल्ड विदाउट वेस्ट) बनाने के लिये अपनी वैश्विक प्रतिबद्धता के अनुरूप, कंपनी ने 2030 तक अपनी पैकेजिंग में कम से कम 50% रीसाइकिल सामग्री के इस्तेमाल का लक्ष्य तय किया है और यह अपनी पैकेजिंग में ज्यादा से ज्यादा रीसाइकिल सामग्री के इस्तेमाल की दिशा में काम कर रही है। अभी कंपनी की 90% पैकेजिंग पुनःचक्रण के योग्य है, जबकि दुनियाभर में इस्तेमाल हो रहा 15% पीईटी पुनःचक्रित (रीसाइकिल पीईटी) है।

# पंवार ने विधानसभा कमेटी के साथ मेघालय विधानसभा का किया दौरा

## विधानसभा की तरफ से विधायक सुरेंद्र पंवार व अन्य सभी विधायकों का स्वागत किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**

**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने हरियाणा विधानसभा की स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज कमेटी के साथ मेघालय विधानसभा में पहुंचकर स्पीकर थॉमस ए. संघमा से मुलाकात की। विधानसभा की तरफ से विधायक सुरेंद्र पंवार व अन्य सभी विधायकों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत मेघालय विधानसभा की कार्यशैली के बारे में चर्चा की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि मेघालय विधानसभा बेहद ही अनुशासित विधानसभा है। मेघालय विधानसभा का पहल सत्र 1972 में आयोजित हुआ था। उन्होंने बताया कि विधानसभा स्पीकर बेहद ही सरल व मिलनसार है। उन्होंने विधानसभा की कार्यशैली के बारे में सभी विधायकों को स्पष्ट भाषा में बताया। उनके द्वारा बताए गए महत्वपूर्ण बिंदूओं पर सभी विधायक अपने विधानसभा की देवतुल्य जनता की भलाई के लिए कार्य करेंगे। सभी विधायकों ने स्पीकर थॉमस. ए संघमा का भी धन्यवाद किया। इस दौरान कमेटी के सभी सदस्यों ने विधानसभा का दौरा भी किया। इस दौरान विधायक व चेयरमैन रामकुमार कश्यप, विधायक रामकुमार गौतम, विधायक बिसम्बर सिंह, विधायक रामनिवास सहित अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।



# पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायत सुनने पहुंचे मेयर निखिल

## वार्ड नं 18 और वार्ड नं 20 की विभिन्न कॉलोनियों में निगम पार्षद और अधिकारियों के साथ किया दौरा

**टीम एक्शन इंडियासोनीपत/**

**मेयर निखिल** मदान ने वीरवार को शहर की ककरोई रोड़ पर स्तिथ विभिन्न कॉलोनियों का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ पार्षद नीतू दहिया,नगर निगम कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मेयर निखिल मदान ने लोगों की पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका समाधान करवाया।

मेयर गढ़ी घसीटा क्षेत्र के विजय नगर में पहुंचें जहां उन्होंने पेयजल आपूर्ति को लेकर एकत्रित हुई स्थानीय महिलाओं की समस्या सुनी। कुछ महिलाओं ने पेयजल आपूर्ति के अनिश्चित समय को लेकर अपनी समस्या बताई और पर्याप्त मात्रा में पेयजल ना मिलने की शिकायत भी मेयर के सामने रखी। मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही पेयजल आपूर्ति शुरू करवा कर लोगों की समस्या का समाधान करवाया और निगम कर्मचारियों को आगामी दो दिनों में लाइन पार क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से चलाकर उसकी समय सारिणी को सार्वजनिक करने के आदेश दिए। मेयर निखिल मदान ने बताया कि बीते दिनों महलाना रोड पर पानी की पाइपलाइन को जोड़ने का कार्य निगम द्वारा करवाया जा रहा था, जिसके चलते क्षेत्रवासियों को कुछ दिनों के लिए पेयजल आपूर्ति की समस्या का सामना करना पड़ा था। फिलहाल लाइन पार क्षेत्र के हर गली मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

समय को लेकर कुछ समस्या जरूर है लेकिन आगामी 2 दिनों में सभी क्षेत्रवासियों को उनकी गली में पेयजल आपूर्ति का समय बता दिया जाएगा और सभी लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। आज उन्होंने विजय नगर, श्याम नगर और विकास नगर में खुद मौके पर पहुंचकर पेयजल आपूर्ति का शेड्यूल चेक किया है और निगम अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। इस मौके पर निगम पार्षद नीतू दहिया, सतपाल, शुभम जैन, संदीप सूद, नरेंद्र सुपरवाइजर, आकाश राणा, सत्यवती,राजिंदर,सरोज,रानी, ममता, कविता,कुसुम लता,दीपक जैन, राहुल मित्तल,सुदेश,अमन,सुरेश चौहान,वरिंदर,धर्मवीर,सुशीला, रामवती,कौशल्या,कमलेश,सरोज, मीना,बाला आदि लोग मौजूद रहे।



# गोरखपुर से मथुरा के लिए चली सीधी बस

**श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए समय से पूर्ण कराया जा रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**जिलाधिकारी पुलकित** खरे एवं महापौर विनोद कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मथुरा डिपो के भूतेश्वर बस स्टैण्ड पर टॉयलेट एवं शौचालय के जीर्णोद्वार के कार्य का फीता काटकर लोकार्पण किया। मथुरा से गोरखपुर एवं सौंख से नोएडा के लिए दो बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आगरा एक्सप्रेस होते हुए यात्रियों के लिए मथुरा टू गोरखपुर जाने के लिए दो बसें संचालित की गई हैं, जो कि अपरान्ह लगभग 2.30 बजे मथुरा से गोरखपुर के लिए चलेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु बसें संचालित की गई हैं, जिससे तीर्थ स्थलों में श्रद्धालुओं का आवागमन सुगमता के साथ हो सके। मथुरा से गोरखपुर तथा गोरखपुर से मथुरा हेतु संचालित बसों से पर्यटकों को बढ़ावा मिलेगा, पर्यटकों की अधिक संख्या से जनपदों के रोजगार में बढ़ोत्तरी होगी। जिला प्रशासन लगातार जनोपयोगी कार्य करने हेतु प्रयासरत रहता है तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए समय से पूर्ण कराया जा रहा है।



## संपादकीय

# बिरसा मुंडा : समाज हित के लिए समर्पित जीवन

**भारतीय** संस्कृति को आत्मसात करने वाले कई महानायकों का पूरा जीवन एक ऐसी प्रेरणा देता है, जो देश और समाज को राष्ट्रीयता का बोध कराता है। कहा जाता है कि जो अपने स्वत्व की चिंता न करते हुए समाज के हित के लिए कार्य करता है, वह नायक निश्चित ही पूजनीय हो जाते हैं। महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा ऐसे ही नायक रहे हैं, जिन्होंने देश और समाज की खातिर अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। सामाजिक, विशेषकर जनजातीय समाज के हितों के लिए संघर्ष करने वाले बिरसा मुंडा ने भारत पर राज करने वाली ब्रिटिश सत्ता के विरोध में ऐसा जन आंदोलन खड़ा किया, जिसने जनजातीय समाज को एकत्रित कर जागरूक कर दिया और अंग्रेजों को भारत की भूमि छोड़कर जाना पड़ा। हालांकि इतिहास में ऐसे अनेक देश भक्त साहसी वीर हुए हैं, जिनका वर्णन आज के इतिहास में दिखाई नहीं देता। वीर देश भक्तों के साथ ऐसा क्यों किया गया, इसका कारण यही था कि स्वतंत्रता के बाद भारत के शासकों ने प्रेरणा देने वाले नायकों के साथ पक्षपात करके उनका नाम सामने नहीं आने दिया। इसके पीछे यह भी बड़ा कारण हो सकता है कि अगर ऐसे नायकों को सामने लाते तो स्वाभाविक रूप से समाज उनके बारे में जानने के लिए उत्सुक रहता और इसी उत्सुकता के चलते देश के करोड़ों मनों में राष्ट्रीयता का प्रवाह पैदा होता। लेकिन राजनीतिक द्वेष के चलते लम्बे समय तक राष्ट्रीयता को नीचा दिखाने का प्रयास किया जाता रहा। जिसका परिणाम यह रहा कि भारत का समाज पश्चिम की धारणाओं से प्रभावित हुआ। इसी कारण भारतीय भाव का विलोपन भी होता गया। लेकिन अब इतिहास के पन्ने कुरेदे जा रहे हैं। भारत का असली इतिहास खंगालने के प्रयास भी होने लगे हैं। देश के प्रेरणा देने वाले नायक भी सामने आने लगे हैं। वर्तमान समय में इस बात पर गंभीर चिंतन और मनन करने की आवश्यकता है कि हमारे आदर्श कैसे होना चाहिए। आज की स्थिति देखने से पता चलता है कि हमने अपने जीवन के उत्थान के लिए आदर्श बनाने ही बंद कर दिए हैं। इसलिए व्यक्ति स्वयं को पूर्ण सही मानता है। जबकि जीवन में सीखने की निरंतरता बनी रहनी चाहिए। इसके लिए आदर्श भी बहुत जरूरी है। बिरसा मुंडा का सम्पूर्ण जीवन ऐसा ही आदर्श है, जिससे राष्ट्रीय भाव का प्रस्फुटन होता है। जहां से समाज का नायक बनने का आदर्श दिशाबोध है। बिरसा मुंडा भारतीय समाज के ऐसे आदर्श रहे हैं, जिसे हम सर ऊंचा करके गौरव के साथ याद करते हैं। देश के लिए उनके द्वारा किए गए अप्रतिम योगदान के कारण ही उनका चित्र भारतीय संसद के संग्रहालय में लगी है। ऐसा सम्मान विरले नायकों को ही मिलता है। जनजातीय समाज की बात करें तो इस समाज से यह सम्मान अभी तक केवल बिरसा मुंडा को ही मिल सका है। बिरसा मुंडा का जन्म झारखंड के खूंटी जिले में हुआ था। उनके मन में बचपन से ही राष्ट्र भाव की उमंग दिखाई देती थी।

उनके मन में अंग्रेजी सत्ता के प्रति नफरत हो गई थी। इसके पीछे का कारण भारतीय समाज, विशेषकर जनजातीय समाज के प्रति अपनेपन की पराकाष्ठा ही थी। अंग्रेज प्रारंभ से ही भारतीय समाज और उसकी संस्कृति की आलोचना करते थे, यह बात देश से प्रेम करने वाले बिरसा मुंडा को अंदर तक चुभती थी।

# विपक्षी एकता की अहम तारीख 23 जून !

डॉ. आशीष वशिष्ठ

> कांग्रेस के अंदरखाने से ये खबर आ रही है कि राहुल गांधी चाह रहे हैं कि इसी साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तक विपक्षी गठबंधन को लंबित रखा जाए। और यदि उनमें भी उसे हिमाचल और कर्नाटक जैसी सफलता मिल गई तब उसका हाथ सौदेबाजी में काफी ऊंचा हो जायेगा। विपक्षी मोर्चे के बनने के पहले वह इस बात की प्रति आश्वस्त होना चाहेगी कि क्षेत्रीय दल उसके लिए नुकसानदेह न हों पार्टी को नीतीश का मेजबान बनना भी अच्छा नहीं लग रहा। बड़ी बात नहीं कांग्रेस अगली बैठक दिल्ली में आयोजित करे और खुद उसकी आयोजक बनकर बड़े भाई की भूमिका में वापस लौटे। ऐसा करने से उसे उन विपक्षी दलों की पहचान हो जायेगी जो गठबंधन में रहते हुए भी उसे पसंद नहीं करते

**देश** की राजनीति में विपक्षी एकता की चर्चा कोई नया मुद्दा नहीं है। गाहे-बगाहे और थोड़े-थोड़े अंतराल पर इसकी चर्चा भी सुनाई देती रहती है। वास्तव में विपक्ष के किसी नेता को जब अपना राजनीतिक कद और किरदार बढ़ने या ऊंचा होने का गुमान होता है तो वो विपक्षी एकता का राग ऊंचे स्वर में गाने लगता है। वर्तमान में विपक्षी एकता का सदाबहार राग का गान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं। वो अलग बात है कि जिन्हें वो ये राग सुनाना चाहते हैं, वो आधे अधूरे मन से ही उनका राग सुन रहे हैं। इसका संकेत तब मिला जब 12 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक को टालना पड़ा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को देश से हटाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से बुलाई गई विपक्षी दलों की महाबैठक अब 23 जून को पटना में होगी। इस महाबैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इस बैठक पर देश और राजनीतिक विशलेषकों की नजरें टिकी हुई हैं। विपक्षी एकता की जब भी बात होती है तो कांग्रेस के रुख को समझना काफी जरूरी होता है। कांग्रेस भले ही पिछले कुछ सालों में देशभर में पिछड़ती जा रही हो और अपना जनाधार खो रही हो, लेकिन वो अब भी खुद को मुख्य विपक्षी पार्टी के तौर पर ही देखती है। कर्नाटक चुनाव में प्राप्त सफलता के बाद कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है और वह विपक्षी दलों को यह संदेश देना चाहती है कि उसकी स्थिति उतनी कमजोर नहीं जितनी वे मान बैठे हैं। नीतीश कुमार भारतीय जनता पार्टी के विरोध में विपक्ष के जिस मोर्चे को आकार देने के अभियान में जुटे हुए हैं उसमें तृणमूल, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, तेलुगु देशम, वाईएसआर कांग्रेस और बीआरएस जैसी पार्टियों को शामिल करने का भी इरादा है। लेकिन कांग्रेस को इनके साथ गठबंधन करने में आपत्ति भी है और संकोच भी। पंजाब और दिल्ली में कांग्रेस के अनेक नेता आम आदमी पार्टी से हाथ मिलाने के विरूद्ध है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, के.सी. राव जैसे नेता कांग्रेस को अपने राज्य में पैर जमाने का अवसर नहीं देना चाहते।



चंद्रबाबू नायडू के दोबारा भाजपा के साथ आने की अटकलें तेज हैं वहीं जगन मोहन रेड्डी भाजपा से अघोषित निकटता बनाए रखने की नीति पर चल रहे हैं। कांग्रेस को ये बात भी गंवारा नहीं हो रही कि नीतीश इस मोर्चे के शिल्पकार बनकर विपक्षी एकता का चेहरा बनें। वास्तव में, भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस को ये लगने लगा है कि राहुल अब पप्पू की छवि को ध्वस्त करते हुए नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर उभर रहे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में हालांकि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना में काफी पीछे हैं किंतु नीतीश सहित बाकी विपक्षी नेता तो मुकाबले में हैं ही नहीं। नीतीश कुमार का फॉमूर्ला ह्यवन अगेंस्ट वनह्न का है। यानी अगर बीजेपी का एक उम्मीदवार है तो उसके खिलाफ विपक्षी गठबंधन का एक ही उम्मीदवार उतारा जाएगा। जैसा कि सुनने में आया था नीतीश कुमार और अखिलेश यादव ने 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 250 सीटों पर लडने का सुझाव दिया था, जिससे सभी सीटों पर भाजपा के विरुद्ध एक संयुक्त प्रत्याशी उतारकर विपक्षी मतों का विभाजन रोका जा सके। लेकिन विपक्ष की मंशा भांपते ही कांग्रेस के रणनीतिकारों ने 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के बीच 350 सीटों पर सीधी टक्कर का हवाला देते हुए इससे कम सीटों पर रजामंद होने से मना कर दिया। और यहीं से एकता के प्रयासों में दरार पड़नी शुरू हो गई। कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस सोचने लगी है कि विपक्षी गठबंधन की जरूरत अब उससे ज्यादा क्षेत्रीय दलों को है। बिहार और महाराष्ट्र सहित कुछ और राज्य हैं जहां कांग्रेस के किनारा कर लेने से उन दलों की स्थिति कमजोर हो जायेगी। जहां तक बात उत्तर प्रदेश की है तो वहां उसके पास खोने को कुछ नहीं बचा जबकि उसके साथ होने से सपा को कम मतों से हारी सीटों पर ताकत मिल सकती है। वास्तव में, नीतीश कुमार विपक्षी मोर्चे के संयोजक बनकर दबे पांव प्रधानमंत्री की दौड़ में बने रहना चाहते हैं। उन्हें उन परिस्थितियों की पुनरावृत्ति होने की उम्मीद है जिनमें एच.डी. देवगौड़ा और इंदर कुमार गुजराल की लॉटरी खुल गई थी। लेकिन कांग्रेस इस बार किसी भी प्रकार का खतरा मोल लिए बिना गठबंधन के अस्तित्व में आने के साथ ही प्रधानमंत्री पद का निर्णय भी कर लेना चाहती है। इस प्रकार विपक्ष की 12 जून को होने वाली बैठक का टलना कांग्रेस की नई रणनीति का हिस्सा है जिसके अंतर्गत वह क्षेत्रीय दलों की शर्तों की बजाय अपनी शर्तों पर विपक्षी एकता को शक्ल देना चाह रही है। उसे ये भी समझ में आने लगा है कि ममता, के.सी.राव और अरविंद केजरीवाल के साथ गठजोड़ चुनाव बाद की परिस्थितियों में उसके लिए नुकसानदेह होगा।

कांग्रेस के अंदरखाने से ये खबर आ रही है कि राहुल गांधी चाह रहे हैं कि इसी साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तक विपक्षी गठबंधन को लंबित रखा जाए। और यदि उनमें भी उसे हिमाचल और कर्नाटक जैसी सफलता मिल गई तब उसका हाथ सौदेबाजी में काफी ऊंचा हो जायेगा। विपक्षी मोर्चे के बनने के पहले वह इस बात की प्रति आश्वस्त होना चाहेगी कि क्षेत्रीय दल उसके लिए नुकसानदेह न हों पार्टी को नीतीश का मेजबान बनना भी अच्छा नहीं लग रहा। बड़ी बात नहीं कांग्रेस अगली बैठक दिल्ली में आयोजित करे और खुद उसकी आयोजक बनकर बड़े भाई की भूमिका में वापस लौटे। ऐसा करने से उसे उन विपक्षी दलों की पहचान हो जायेगी जो गठबंधन में रहते हुए भी उसे पसंद नहीं करते। जाहिर है ममता, अखिलेश और के.सी.राव जैसे नेता कांग्रेस की मेजबानी शायद ही स्वीकार करेंगे। सही मायनों में कांग्रेस विपक्षी एकता का श्रेय और नेतृत्व आसानी से किसी और नेता को देने तैयार नहीं है। राहुल की अमेरिका यात्रा से भी पार्टी में उत्साह है। उसे लगने लगा है कि श्री गांधी ही विपक्षी नेताओं में अकेले हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर पहिचान रखते हैं। इसलिए विपक्षी मोर्चे की कमान भी उसी के हाथ में होना चाहिए। देखना ये है कि नीतीश, ममता, अखिलेश, के.सी राव और अरविंद केजरीवाल क्या कांग्रेस के झंडे के नीचे खड़ा होना पसंद करेंगे और राहुल को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार स्वीकार करने की शर्त उनको मंजूर होगी? कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस आत्मसमर्पण की मुद्रा में थी। इससे पहले विपक्षी एकता के लिए हुई बैठक में उसका रुख बेहद रक्षात्मक था। हालांकि कर्नाटक के नतीजे के बाद पार्टी एकता के लिए शर्तें रख रही है। पार्टी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि उसका आप, बीआरएस, केरल में वाम दलों से समझौता नहीं हो सकता। इसी शर्त के मद्देनजर नीतीश, ममता, पवार ने समझौते के लिए 474 सीटों का फामूर्ला पेश किया है। 23 जून को विपक्षी दलों की होने वाली बैठक अहम है। ममता, नीतीश और पवार चाहते हैं कि कांग्रेस इसी बैठक में 474 सीटों में से महज 244 सीटों पर लड़ने के लिए राजी हो जाए। अगर कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं हुई, तो विपक्षी एकता की संभावना धूमिल हो जाएगी।

राजनीतिक विशलेषकों के अनुसार अगर पटना की बैठक में बात नहीं बनी तो विपक्षी एकता बेहद मुश्किल होगी। केंद्र में सत्ता परिवर्तन की सबसे अधिक जरूरत कांग्रेस को है, ऐसे में उसे ही अपना दिल बड़ा करना चाहिए।

## कविता

### मंज़िल आखिरी

मौत है जीवन की मंजिल आखिरी ,
इसी मौत से जीतने में इंसान का
खत्म हो जाता है जीवन सारा,
जबकि मिला है जीवन एक बार
सीमित समय के लिए ही,
फिर भी नासमझी मे
मौत के रहस्य से जूझता मानव ।
लड़ते रहेंगे तो मौत से तो
जिएंगे कब सुन्दर जीवन,
जीकर जीवन अपना
जाना है यहाँ से लाज़िमी,
फिर भी मौत से भागता रहता
अंतिम सत्य को भुलाकर इंसान ।
सामान करता इकठ्ठा यहाँ मानव
दुनिया भर का घर में अपने,
सोचकर यही कि रहना जैसे
सदा के लिए ही दुनिया में ।
ये तेरा वो भी हो मेरा,
जीवन में आनंद को जलाकर
अहंकार में जी रहा मानव ।
जो मृत्यु है सत्य सर्वदा
विस्मृत उसे किए बैठे हैं,
जिस जिन्दगी पर वश नहीं अपना
उसे व्यर्थ गंवाये जा रहे हैं ।
उत्सव का नाम है जीवन,
और मरना अंतिम मुकाम इसका

मुनीष भाटिया

## गर्मियों में त्वचा के लिए होम मेड मॉइस्चराइजर

शहनाज हुसैन

**गर्मियों** ने लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए हैं । गर्मियों की शुरूआत मतलब स्किन प्रॉब्लम शुरू होना। इसका कारण है बदलता मौसम, जिसके कारण स्किन में अलग.अलग बदलाव नजर आने लगते हैं।

गर्मियां आते ही कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याएं शुरू हो जाती हैं / इस मौसम के आते ही धूल , मिटटी, तापमान और प्रदूषण बढ़ने त्वचा कुछ ज्यादा संबेदनशील हो जाती है / कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें गर्मियों में भी ड्राई स्किन से परेशान होना पड़ता है/ दरअसल , बाताबरण में नमी की कमी के कारण त्वचा रूखी हो जाती है। इसकी वजह से चेहरा बेजान और मुरझाने लगता है/ हम गर्मी से बचने के लिए एसी में रहना पसंद करते हैं वहीं एसी बाताबरण में नमी कम कर देता है जिसकी वजह से लोगों को ड्राई स्किन की समस्?या से जूझना पड़ता है / इस मौसम में त्वचा के लिए ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है / ऐसे में लोग अलग.अलग तरीके तलाशने लगते हैं लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी है की आपकी त्वचा को ठण्डक महसूस हो और त्वचा में नमी बनी रहे जिससे त्वचा कोमल और मुलायम बनी रहेगी /

त्वचा की देखभाल के लिए मॉइश्चराइजर बहुत जरूरी होता है। इसका इस्तेमाल करने से चेहरे की प्रकृतिक चमक बनी रहती है। गर्मियों के मौसम में ज्यादातर लोग ड्राई स्किन से परेशान होते हैं। इस तरह की स्किन टाइप के लिए बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट्स हैं लेकिन इन सभी मॉइश्चराइजर में केमिकल होता हैऔर चेहरे पर केमिकल लगाने से स्किन पर इसका साइड इफेक्ट होता है। यहां हम बता रहेहैं घर में बनने वाले मॉइश्चराइजर के बारे में।

ऐसे में आप कुछ घरेलू उपायों की मदद से स्किन की नमी को बनाए रख सकते हैं /

1 ----एलोवेरा जेल या जूस को रोजाना स्किन पर लगाएं। 20 मिनट तक लगा रहने दें और सादे पानी से धो लें। यह पिंपल्स, रैशेज, खुजली और जलन की समस्या को दूर करने में काफी प्रभावी होता है। एलोवेरा स्किन को मुलायम रखता है और इसमें प्रकृतिक हीलिंग गुण होते हैं।

एलो वेरा एक शक्तिशाली प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है और नमी को सील करता है/ ये मृत त्वचा कोशिकाओं को भी नर्म करता है और त्वचा को चिकना और चमकदार बनाने में मदद करता है/ ये नमी बनाए रखने की क्षमता में सुधार करके त्वचा के सामान्य कार्यों में मदद करता है / एलोवेरा जेल या रस को बाहों पर लगा कर 20 मिनट के बाद सादे पानी से धो लें/ ये त्वचा को मॉइस्चराइज करेगा/ एलोवेरा जेल और मिनरल वाटर को बराबर मात्रा में मिलाएं और क्रीम बनने तक धीमी आंच पर गर्म करें/ जब ये ठंडा हो जाए तो इसे एक एयरटाइट जार में स्टोर करें/ आप इसे रोजाना लगा सकते हैं /

2 ---गुलाब जल और ग्लिसरीन

100 मिली गुलाब जल में एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन मिलाएं। एक एयरटाइट बोतल में रखें। चेहरे और शरीर पर त्वचा को मॉइस्चराइज करने के लिए इस लोशन का उपयोग करें / गर्मियों के दौरानए आप लोशन को ठंडा और ताजा बनाये रखने के लिए फ्रिज में रख सकते हैं।

## विचार

### 5 वां राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2023 जारी

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर हर देश आज के प्रौद्योगिकी युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग से लेकर स्पेस तक इस सृष्टि में पारिस्थितिकी तंत्र में अपने आप को नंबर वन बनाने में इतना मशगूल हो गया है किअपने लिए इत्मीनान से दोजून की रोटियां भी पौष्टिकता से सुरक्षित करने का समय नहीं है, जिसके कारण मानवीय स्वास्थ्य का स्तर गिरता जा रहा है, जिसके कारण बीमारियों ने घेर रखा है। आज ही मीडिया में जानकारी आई कि गुजरात के एक प्रतिष्ठित 41 वर्षीय चर्चित कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर जिसने 16 हजार से अधिक हार्ट सर्जरी की थी उसकी हार्टअटैक से मृत्यु हुई हालांकि यह कुदरती मौज है, परंतु जिस तरह से पाश्चात्य शैली संस्कृति से ओतप्रोत और जंक फूड खाद्य पदार्थों का प्रचलन कुछ वर्षों से अधिक बढ़ रहा है जिससे खाद्य सुरक्षा, पौष्टिकता की कमी को रेखांकित किया जा रहा है। हालांकि खाद्य से संबंधितभारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) नजर रखती है और इसकी सुरक्षा में कई कानून भी हैं। इसी क्रम में प्रतिवर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस भी मनाया जाता है।परंतु भारत में 2018-19 से एफएसएआई से राज्य सुरक्षा सूचकांक जारी करता है, जिसकी पूरी जानकारी नीचे विस्तृत रूप से दी गई है। चूंकि दिनांक 7 जून 2023 को देर शाम माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के हसते एफएसएसएआई ने 5 वा राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2023 जारी किया है, इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में सभी का को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन का प्रावधान सुनिश्चित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम दिनांक 7 जून 2023 को देर शाम जारी 5 वें राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक 2023 की करें तो केंद्रीय मंत्री नेंवर्ष 2022-23 के लिए उनकी रैंकिंग के आधार पर विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की उपलब्धियों के लिए विजेताओं को सम्मानित किया। बड़े राज्यों में, केरल ने शीर्ष रैंकिंग हासिल की, उसके बाद पंजाब और तमिलनाडु, छोटे राज्यों में गोवा ने शीर्ष पर रहा और मणिपुर तथा सिक्किम क्रमश इसके बाद के क्रम में रहे। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेशों के बीच जम्मू और कश्मीर, दिल्ली और चंडीगढ़ ने क्रमश पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने उन राज्यों की भी सराहना की जिन्होंने अपने राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक स्कोर में महत्वपूर्ण सुधार का प्रदर्शन किया।इसके अलावा, उन्होंने जिलों के लिए ईट राइट चैलेंज के दूसरे चरण के विजेताओं को भी सम्मानित किया। इन जिलों ने खाद्य पर्यावरण में सुधार और खाद्य सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए योजनाओं को लागू करने में उत्कृष्ट प्रयासों का प्रदर्शन किया। असाधारण परिणाम वाले अधिकांश जिले उल्लेखनीय रूप से तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में स्थित थे। भाग लेने वाले 260 जिलों में से 31 ने सफलतापूर्वक 75 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किए।

साथियों बात अगर हम एसएफएसआई को जानने की करें तो खाद्य सुरक्षा के पांच महत्वपूर्ण मानकों पर राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिए 2018-19 में एफएसएसएआई द्वारा सूचकांक विकसित किया गया था।सूचकांक हमारे नागरिकों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में मदद करेगा।एफएसएसएआई. के अनुसार सूचकांक का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपने प्रदर्शन में सुधार लाने और अपने अधिकार क्षेत्र में एक उचित खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथियों बात अगर हम एसएफएसआई के मापदंडों की करें तो खाद्य सुरक्षा के मापदंड एसएफएसआई. पांच प्रमुख मापदंडों पर राज्यों के प्रदर्शन को ध्यान में रखता है, जिनमें से प्रत्येक को मूल्यांकन में एक अलग वेटेज सौंपा गया है (1) मानव संसाधन और संस्थागत डेटाःयह 20 फीसदी का भार वहन करता है।यह मानव संसाधनों की उपलब्धता को मापता है जैसे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संख्या,मनोनीत अधिकारियों की न्यायनिर्णयन की सुविधा और अपीलीय न्यायाधिकरण आदि।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### कैसे रुके रेल हादसे और पुलों के टूटने के मामले

आर.के. सिन्हा

**पहले** उड़ीसा में हुई दर्दनाक रेल दुर्घटना और उसके बाद बिहार में एक पुल का टूटना। इन दोनों घटनाओं के कारण सारा देश उदास भी है और गुस्से में भी है। उदासी मासूमों के मारे जाने पर है और गुस्सा इसलिए है कि ये हादसे थम ही नहीं रहे। पिछली 2 जून को उड़ीसा में 3 ट्रेनें आपस में भिड़ गईं। इनमें लगभग तीन सौ मासूम यात्री मारे गए और ना जाने कितने हजार घायल हो गए। यह दुर्घटना भारत में अब तक की सबसे घातक रेल दुर्घटनाओं में से एक है। ऐसा माना जाता था कि पहली ट्रेन पटरी से उतर गई थी और इसके कुछ डिब्बे पलट गए और विपरीत ट्रैक में गिर गए थे, जहां वे दूसरी ट्रेन से टकरा गए थे। हादसे में एक मालगाड़ी भी चपेट में आ गई। देखिए, यह तो कोई भी मानेगा कि दुनिया भर में हर क्षण कहीं न कहीं कोई न कोई हादसा हो ही रहा है। तेज रफ्तार की जिंदगी में यह अनहोनी भले हो मगर हो रही है, तो हो रही है। असल में 'जीरो एक्सीडेंट' एक आदर्श है एक गोल है। लेकिन, इसे हासिल करना तो असंभव है। जरूरत इस बात की है कि हादसों को न्यूनतम किया जाए। इसके अलावा कितनी जल्दी से जल्दी हादसे के शिकार लोगों तक उचित मदद पहुँचाई जाए। रेल दुर्घटनाओं में प्रायः देखा गया है कि घटनास्थल पर सरकारी मदद, डॉक्टर नर्स, एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन, हेलीकाप्टर, नेताओं से पहले वहां पर तमाशबीन खड़े हो जाते हैं। ये बचाव कार्यों को बाधित भी करते हैं। हां, इन्हीं में से समझदार लोग आनन-फानन में कुछ घायलों की मदद को भी आते हैं। दिल से मदद करते भी हैं। अपनी जी-जान लगा देते हैं। जबकि तमाशबीन सिर्फ वहां पर मदद करने वालों के काम में व्यवधान डाल रहे होते हैं और अपने मोबाइल से वीडियो बना रहे होते हैं । इस बीच,एक बात यह भी जान लें कि जीरो एक्सीडेंट की स्थिति तक पहुंचना मुश्किल तो है पर नामुमकिन नहीं है। रेल हादसे कहां नहीं होते। दुनिया के हरेक देश में रेल हादसे होते हैं। पर इन्हें रोका जाना चाहिए। इस लिहाज से कोशिशें भी होती हैं। पर सफलता तो नहीं मिलती। चीन में जुलाई 2011 में हुई रेल दुर्घटना की बात करेंगे।

### करियर काउंसलर कैसे बने

विजय गर्ग

**परामर्शदाता** एक विशेषज्ञ होता है जो व्यक्तियों की विभिन्न सामाजिक, व्यावसायिक और भावनात्मक समस्याओं के संतोषजनक और ठोस समाधान सुझाता है। वे दिन गए जब युवा पीढ़ी जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन के लिए घर पर अपने बड़ों के पास जाती थी। बुजुर्ग भी हमेशा उपलब्ध थे और अपने जीवन भर के अनुभव और ज्ञान के कारण अपने से छोटों को सलाह देने के लिए तैयार थे। इस प्रकार बाहरी परामर्शदाता की कोई आवश्यकता नहीं थी क्योंकि प्रत्येक संयुक्त परिवार में उपयुक्त सलाहकार उपलब्ध थे। शहरीकरण और आधुनिकीकरण के कारण संयुक्त परिवार के टूटने से अब स्थितियां बदल गई हैं। अब वे बुद्धिमान वृद्ध पुरुष आज के युवाओं की समस्याओं को हल करने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। यहां जरूरत एक प्रोफेशनल काउंसलर की है। ये ऐसे पेशेवर हैं जो जीवन के वस्तुतः सभी क्षेत्रों में बढ़ती जटिलताओं और कभी-कभी बहुतायत की समस्या के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं को समझने और उनका समाधान खोजने के लिए योग्य और प्रशिक्षित हैं। काउंसलर अपने विशेष कौशल का उपयोग लोगों को उनकी भावनात्मक, मानसिक या एक नया करियर खोजने या अध्ययन के पाठ्यक्रम के बारे में निर्णय लेने से संबंधित उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए सलाह देने या सलाह देने के लिए करते हैं। इस प्रकार इस तथ्य को नजरअंदाज करना वास्तव में कठिन है कि हाल के दिनों में काउंसलरों की मांग में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है और आने वाले वर्षों में, सबसे अधिक भुगतान वाले क्षेत्रों में से एक बनकर गतिशील गति से बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन काउंसलर के इस काम के लिए बहुत धैर्य और समर्पण की आवश्यकता होती है। इस काम को अथक रूप से करने के लिए व्यक्ति को काफी नरम दिल होना पड़ता है ताकि वह हर तरह के ग्राहकों को संभाल सके। अपने कर्तव्यों का पूर्णता के साथ निर्वहन करने के लिए संभावित काउंसलर को आने वाले समय में काम करने जा रहे क्षेत्र और परिस्थितियों के बारे में पेशेवर ज्ञान की आवश्यकता होती है। उसके लिए, उन्हें अपने संबंधित क्षेत्र में उचित ज्ञान और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है जो केवल पेशेवर रूप से डिजाइन किए गए पाठ्यक्रम करके ही प्राप्त किया जा सकता है।

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने किया अन्न दान

## सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, डॉ. हर्षवर्धन ने आदर्श रसोई की स्मारिका का भी किया विमोचन












**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले **"राकेश भारद्वाज चौक"** पर आदर्श रसोई का दूसरे साल का 10वां रविवारीय आयोजन भी बेहद ही खास ढंग से मनाया गया। इस खास रविवार को और भी खास बनाया चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने। डॉ. हर्षवर्धन ने कार्यक्रम का रिबन काटकर शुभारंभ किया वहीं, इस मौके पर आदर्श रसोई की स्मारिका का भी विमोचन किया। इस दौरान राकेश भारद्वाज चौक पर गजब का उत्साह और उमंग देखने को मिला।

### सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने किया किया विधिवत रूप से आदर्श रसोई का शुभारंभ

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "राकेश भारद्वाज चौक" पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन। डॉ. हर्षवर्धन ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवित शुरूआत की। इसके उपरांत डॉ. हर्षवर्धन ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर सभी आदर्श रसोई की पूरी टीम ने हर्षवर्धन जी का भव्य स्वागत सत्कार किया। इस दौरान उन्हें मालाएँ पहनाई गई।

### क्या बोले डॉ. हर्षवर्धन

डॉ. हर्षवर्धन ने राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई के रविवारीय कार्यक्रम को एक वर्ष पूरा होने पर पूरी टीम को बधाई दी। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि राकेश भारद्वाज चौक का नामकरण मेरे ही हाथों हुआ था और आज मैं बहुत खुश हूं, जब मुझे राकेश भारद्वाज चौक पर आयोजित होने वाली आदर्श रसोई के एक वर्ष पूर्ण होने पर फिर से आने का मौका मिला। श्री हर्षवर्धन ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के जरूरतमंदों के लिए मुफ़्त राशन की व्यस्वस्था की है। करोड़ों लोगों को दर्जनों सरकारी योजनाओं के माध्यम से सहूलियतें दी जा रही है। बावजूद इसके सिर्फ़ सरकार ही सभी व्यवस्था नहीं सम्भाल सकती। इसलिए, आदर्श रसोई जैसी संस्थाओं का समाज में एक बड़ा योगदान है। सांसद ने कहा कि जब मैंने इस राकेश भारद्वाज चौक का नामकरण किया था, तब ये बात मैंने अपने वक्तव्य में कही थी कि चौक के नामकरण के बाद उन्हें जीवित रखना भी समाज और परिवार की ज़िम्मेदारी है। मुझे खुशी है कि आदर्श रसोई की पूरी टीम ने इस काम को बखूबी निभाया है।

### समाज में आदर्श रसोई जैसी संस्थाओं की बेहद जरूरत: डॉ. हर्षवर्धन

डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि आदर्श रसोई आज समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर चुकी है। आज आदर्श रसोई अगर इस मुकाम पर पहुंची है तो इसका सारा श्रेय पूरी टीम को जाता है। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो नि:स्वार्थ भाव से समाजसेवा को आगे बढ़ाएं। सरकार समाज में सद्भावना व समरसता को लाने के लिए कई अभियान चलाती है। साथ ही समाज का भी कर्त्तव्य बनता है कि वो समाज के प्रति अपने दायित्व को भली-भांति निर्वाह करें और आदर्श रसोई ने यह करके दिखाया है।







### राकेश भारद्वाज मेरे परममित्र और दूरदर्शी व्यक्ति थे: डॉ. हर्षवर्धन

पुण्य आत्मा श्रद्धेय, हर दिल अजीज, वरिष्ठ पत्रकार राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच और समाज के प्रति दायित्व को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है। ये वाकई काबिलेतारीफ है और टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं। राकेश भारद्वाज जी मेरे अजीज मित्र भी थे और दूरदर्शी सोच वाले व्यक्ति थे।

### आदर्श रसोई के माध्यम से श्रद्धेय राकेश भारद्वाज आज भी लोगों के दिलों में ज़िंदा है : अजय शर्मा

आदर्श रसोई की नींव हर दिल अजीज मेरे भाई राकेश भारद्वाज जी और सुरेंद्र चोपड़ा जी ने रखीं थी। निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते हुए जरूरतमंदों को अन्न मुहैया करवाना एक नेक कार्य है। रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग और सुरेंद्र चोपड़ा की अगुवाई में संस्था दिन दोगुनी और रात चौगुनी तरक़्की कर रही है। राकेश भारद्वाज जी के आदर्शों पर चलते हुए निरंतर रूप से रसोई का आयोजन हो रहा, इसके लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को बधाई व अभिनंदन। अभी रूकना नहीं है, थकना नहीं है, इस मुहिम को हम सभी को और आगे लेकर जाना है।

### डॉ. हर्षवर्धन ने किया आदर्श रसोई की वार्षिक स्मारिका का विमोचन

पिछले एक साल से राकेश भारद्वाज चौक पर आयोजित हो रही आदर्श रसोई के कार्यक्रमों, लेखों सहित कई यादों को समेटे वार्षिक स्मारिका का भी विमोचन किया गया। इस स्मारिका का सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने विमोचन किया और आदर्श रसोई की टीम को बधाई दी।

### डॉ. हर्षवर्धन ने अपने हाथों से स्वंय परोसा खाना

सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने स्वयं अपने हाथों से एक थाली तैयार की और उसे जरूरतमंदों को परोसा। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि भूखे को खाना खिलाने से ज्यादा पुण्य का कोई कार्य नहीं। आपको बता दें कि सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने अपने कीमती समय में से कुछ समय निकालकर आदर्श रसोई के कार्यक्रम को दिया। वहीं, आदर्श रसोई की प्रबंध समिति के कार्यों को बड़ी बारिकी से जाना।

जहां 15 अगस्त 2022 को भव्य झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया वहीं, आदर्श रसोई से जुड़े लोगों और परिवारों का जन्मदिवस भी सेलिब्रेट किया गया। साथ ही समाजसेवियों ने आदर्श रसोई के माध्यम से अन्न दान करके धर्मलाभ कमाया। आदर्श रसोई का हर एक सदस्य रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहता है और अपना भरपूर योगदान देता है। आदर्श रसोई के विचार लोगों को प्रेरणा देते हैं और इस तरह की जनसेवा का भाव रखने वाली संस्था आज समाज को जरूरत है। मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं।




























आदर्श रसोई पिछले एक वर्ष से परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाएं हुए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध कर रही हैं। इस तरह के कार्यक्रम की आज समाज को जरूरत है और हम सभी को ऐसे नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समाज में अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। **-सांसद डॉ. हर्षवर्धन**



आदर्श रसोई राकेश भारद्वाज चौक पर हर रविवार बेहतरीन कार्यक्रम का आयोजन करती है। मैं खुद इस साप्तिाहिक कार्यक्रम का हिस्सा बन चुका हूं और मुझे खुशी होती है जब मैं जरूरतमंदों को अपने हाथों से खाना परसोता हूं। मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयों से आभार प्रकट करता हूं। **- अजय शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष**



आदर्श रसोई पिछले 01 वर्ष से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम के लिए मीटिंग करती है। साथ ही कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तय की जाती है। इस सफल कार्यक्रम के लिए पूरी टीम का अभिनदंन। **-मोहन गर्ग, चेयरमैन**



आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। आदर्श रसोई की पूरी टीम नि:स्वार्थ भाव से सेवाभाव के इस कार्यक्रम में अपना योगदान दे रही है जिसके लिए पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन **-रामलाल उनियाल वाईस चेयरमैन**



आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई का उद्देश्य था जरूरतमंदों की सेवा करना और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक की हुई है। **-सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**



आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई की नींव मेरे पिताजी राकेश भारद्वाज और सुरेंद्र चोपड़ा जी ने रखीं थी। मैं आदर्श रसोई के सभी साथियों का अभिनंदन करता हूं जो पिछले 01 वर्ष से नि:स्वार्थ रूप से हर रविवार राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का आयोजन दोगुने उत्साह से करते हैं। **-रवि भारद्वाज, आदर्श रसोई संयोजक**





